




हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



पर्यटकों के लिए लाल किला 11 से 13 नवंबर तक रहेगा बंद


## लाल किला विस्फोट मामले की जांच आतंकवादी हमले के रूप में की जा रही

# एक्शन में एनआईए, पुलवामा से डॉ. उमर का दोस्त गिरफ्तार, हिरासत में मां-बाप

*राष्ट्रीय राजधानी सोमवार को दहल गई। दिल्ली धमाके में अब तक 12 की मौत हो गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को उच्च स्तरीय बैठक ली। इसके बाद गृह मंत्रालय ने जांच का जिम्मा एनआई को सौंप दिया है। दिल्ली पुलिस, एनआईए और खुफिया एजेंसियों की कई टीम दिल्ली और कश्मीर में फैल गई हैं। संदिग्ध डॉ. उमर के दोस्त को पुलिस ने पुलवामा से गिरफ्तार किया है, वहीं संदिग्ध के माता-पिता को हिरासत में लिया गया है। ऐसा अनुमान है कि जल्द ही बड़ा खुलासा होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/श्रीनगर

पुलिस ने मंगलवार को लाल किला विस्फोट मामले की जांच एक संभावित आतंकवादी हमले के रूप में की और पुलवामा के एक डॉक्टर पर ध्यान केंद्रित किया, जो विस्फोट में इस्तेमाल हुई कार को चला रहा था। पुलिस ने बताया कि पुलवामा के इस डॉक्टर का संबंध फरिदाबाद स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से था, जिसका पर्दाफाश वहां से विस्फोटक बरामद होने के बाद हुआ था। माना जा रहा है कि सोमवार शाम हुए विस्फोट में डॉ. उमर नबी की मौत हो गई है। इस विस्फोट में कम से कम 12 लोग मारे गए थे। मंगलवार को जम्मू कश्मीर पुलिस ने उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके। श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा, हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिए भी डीएनए नमूना लिया है। अधिकारियों ने बताया कि गुलाम नबी भट को पुलिस ने पुलवामा के कोइल स्थित उसके आवास से हिरासत में लिया। इससे कुछ ही घंटे पहले उसकी पत्नी को डीएनए परीक्षण के लिए ले जाया गया था। गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक के बाद यह मामला राष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 8 पर



### इन विस्फोटक का इस्तेमाल

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच से यह संकेत मिलता है कि लाल किले के पास हुए विस्फोट में संभवतः अमोनियम नाइट्रेट, ईंधन तेल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया है।

### किसने दी थी कार

विस्फोट और आतंकी मॉड्यूल की जांच जारी रहने के बीच अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के एक व्यक्ति तारिक को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसने कथित तौर पर उमर मोहम्मद को हुंदै आई20 कार दी थी।

### कश्मीर में छापेमारी

कश्मीर में छापेमारी के दौरान चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन चारों में से दो को दिल्ली विस्फोट और अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल में उनकी भूमिका के आरोप में संयुक्त पूछताछ के लिए ले जाया गया है। पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और विस्फोटक अधिनियम के तहत आतंकवादी हमला मामले की साजिश एवं ऐसे मामलों में सजा से संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया है।

### कार में अकेला था संदिग्ध उमर

पुलिस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में "मास्क पहने हुए एक व्यक्ति" को उस कार को चलाते हुए देखा



जा सकता है, जिसमें विस्फोट हुआ था। उमर कार में अकेला था। लाल किले और आसपास के रास्तों से सीसीटीवी फुटेज खंगालने के लिए कई टीम तैनात की गई हैं ताकि हुंदै आई20 कार को चलाने वाले मास्क पहने व्यक्ति के बारे में और जानकारी मिल सके जिसमें विस्फोट हुआ था। सूत्र ने कहा, हमें यह भी पता चला है कि विस्फोट से पहले कार तीन घंटे तक पास की एक पार्किंग में खड़ी थी। विभिन्न पार्किंग स्थलों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।



### संदिग्ध उमर का दोस्त सज्जाद

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादी मॉड्यूल से जुड़े मामले में पुलवामा से एक और डॉक्टर को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए डॉक्टर की पहचान सज्जाद अहमद माला के रूप में हुई है। इस मामले में यह छठा एक्शन है। इससे पहले उत्तर प्रदेश से पांचवे डॉक्टर को पुलिस ने हिरासत में लिया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, डॉ सज्जाद अहमद माला गिरफ्तार किए गए डॉ उमर के दोस्त हैं।

### साजिशकर्ता बख्शा नहीं जाएगा : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे दिल्ली विस्फोट मामले में संलिप्त प्रत्येक दोषी की तलाश करें। इस विस्फोट में संलिप्त सभी लोगों को सुरक्षा एजेंसियों के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। शाह ने यह निर्देश लाल किले के नजदीक हुए विस्फोट के मद्देनजर आयोजित दो सुरक्षा समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करने के बाद दिये।

पीएम मोदी ने कहा

### सभी दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा

थिंपू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली



विस्फोट के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा और जांच एजेंसियां मामले की तह तक जाएंगी। मोदी ने लाल किले के पास हुए कार विस्फोट के एक दिन बाद भूटान में एक कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी को बहुत दुखी किया है।

## दिल्ली बम धमाके की चपेट में रायपुर पासिंग कार भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में सोमवार को हुए बम धमाके की चपेट में रायपुर पासिंग की एक कार आई है। राहत की बात यह है कि कार सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। उनका उपचार एलएनजेपी अस्पताल में चल रहा है। कार बालोद, गुंडरदेही सिर्री गांव निवासी प्रशांत बघेल के नाम पर रजिस्टर्ड है। जब धमका हुआ, उस समय कार चांदनी चौक में रेड सिग्नल पर रुकी हुई थी, तभी बम धमाका हुआ। बम धमाके से कार के सामने का शीशा बुरी तरह चकनाचूर हो गया। कार के सामने की सीट पर जो बैठे थे, उन्हें थोड़ी ज्यादा चोटें आई हैं। कार मालिक प्रशांत बघेल से संपर्क करने पर उसने बताया कि उसके छोटे भाई हिमांशु का सेल्फ ड्राइव के नाम से कार किराए पर देने का कारोबार है। घटना की जानकारी मिलने पर हिमांशु ने अपने भाई को बताया कि एक परिवार को उसने कार रेंट पर दिया था। जिन्हें कार रेंट पर दिया था, उनके यहां शादी समारोह आयोजित होना है। इसीलिए परिवार के लोग कार किराए पर लेकर खरीदी करने चांदनी चौक गए थे। खरीदी कर लौटने के दौरान चांदनी चौक पर रेड सिग्नल होने की वजह से कार वहां रुकी। ग्रीन सिग्नल होने का इंतजार कर रहे थे, उसी दौरान ब्लास्ट हुआ। धमाके की आवाज सुनकर कार में सवार सभी लोग बुरी तरह से घबरा गए। कार का नंबर सीजी 04 पीवाय 6021 है।

**वैवाहिक कार्यक्रम के लिए कार किराए पर ले गया था**

# मोस्ट वांटेड माओवादी पापा राव की पत्नी उर्मिला के साथ 6 नक्सली मारे गए

## मारे गए नक्सलियों में तीन महिला और तीन पुरुष

**खास बातें**

- नेशनल पार्क एरिया मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने लाखों के ईनामी नक्सलियों को मार गिराया
- दो जिले की डीआरजी व एसटीएफ की सयुंक्त टीम को मिली सफलता
- ऑटोमेटिक इंसास स्टेनगन, 303 रायफल समेत अन्य हथियार व विस्फोटक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस व नक्सलियों के बीच मंगलवार सुबह से शाम तक चली घंटों मुठभेड़ के बाद संयुक्त सुरक्षाबलों ने लाखों के ईनामी छह नक्सलियों को मार गिराया। बताया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों में मोस्ट वांटेड नक्सली लीडर पापा राव की पत्नी उर्मिला व मद्देड़ एरिया कमेटी इंचार्ज बुच्चना भी शामिल है। समाचार लिखे जाने तक सुरक्षाबल नेशनल पार्क इलाके से नहीं लौटे है, जिनके बुधवार को शव के साथ लौटने की संभावना है। जिसके बाद मारे गए अन्य नक्सलियों की ▶▶|शेष पेज 8 पर



नक्सल प्रभावित इलाकों में जारी है सर्च ऑपरेशन

### सिमट रहे नक्सल ठिकाने: आईजी

मुठभेड़ के बाद हरिभूमि से चर्चा में आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि मंगलवार को अभियान के दौरान छह कुख्यात माओवादी कैडर मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के लिए यह एक निर्णायक और महत्वपूर्ण बढ़त है। यह सफलता ऐसे समय में मिली है जब माओवादी संगठन नेतृत्वविहीन, दिशाहीन और मनोबलहीन स्थिति में अपने कुछ बचे हुए ठिकानों में सिमटकर रह गया है।



### खत्म हो रहा नक्सलवाद : साय

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर में सुरक्षाबलों की नक्सल विरोधी कार्रवाई में मिली बड़ी सफलता पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस की डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा नक्सलियों के साथ चल रही मुठभेड़ में अब तक छह नक्सली न्यूट्रलाइज किए गए हैं। यह लाल आतंक के समूल नाश की दिशा में सुरक्षाबलों के जवानों की बड़ी सफलता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक देश और प्रदेश से नक्सलवाद को समाप्त करने का जो संकल्प लिया गया है, उसकी दिशा में यह एक और निर्णायक कदम है। छत्तीसगढ़ सरकार इस मिशन को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है।

## माड़वी हिड़मा व बारसे देवा की मां ने बेटों से मुख्यधारा में लौटने की मार्मिक अपील की

**जगदलपुर।** करोड़ों के ईनामी सीसी मेंबर नक्सल मिलिट्री बटालियन चीफ माड़वी देवा व खूंखार नक्सली लीडर बारसे देवा की मां ने अपने बेटों से मुख्यधारा में लौटने की मार्मिक अपील करते हुए भावुक वीडियो जारी किया है। वीडियो में वह कह रही है कि बेटा अब लौट आओ, मां घर बुला रही है। माड़वी हिड़मा की मां पुंजी ने कहा कि वह अपने




बेटे से लौटने को कह रही हूं, लेकिन वह नहीं आ रहा है। उसने कहा कि अब मैं कैसे करूं अगर कहीं आसपास रहता तो उसे जंगल में ढूंढने भी जाती और क्या कहूं बेटा वापस आजा यहां मेहनत करोगे, कमाई करोगे और चैन से रहोगे। वहीं नक्सली कमांडर बारसे देवा की मां बारसे सिंगे ने कहा कि घर पर ही रहकर कमाई करके ▶▶|शेष पेज 8 पर

## तीसरे दिन भी परिवार ने नहीं लिया शव, चार पुलिस कर्मी लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

चोरी के आरोप में पुलिस हिरासत में बंद युवक की मौत के मामले में तीसरे दिन भी पुलिस व परिजन के बीच शव के अंतिम संस्कार को लेकर सहमति नहीं बन पाई। इस बीच परिजन ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के साथ आईजी से मुलाकात की। आईजी ने परिजन को पुनः पीएम कराने के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट से मिलकर अनुमति लेने की बात कही जबकि अन्य शिकायतों पर अपनी ओर से जांच टीम गठित कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इन सब के बीच तीसरे दिन भी परिजन युवक का शव लेने और अंतिम संस्कार के लिए राजी नहीं हुए है। इस बीच देर शाम आईजी ने पुलिस हिरासत में उमेश सिंह की मौत के मामले में साइबर सेल से निरीक्षक हिम्मत सिंह शेखावत, बलरामपुर थाना से सउनि राधेश्याम विश्वकर्मा, साइबर सेल से आरक्षक आकाश तिवारी, व महिला आरक्षक माधुरी कुजूर को तत्काल प्रभाव से रक्षित केंद्र अटैच कर दिया है। बता दें कि धनंजय ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने सीतापुर के बादी गिरोह को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ के बाद 50 लाख रुपए के चोरी के जेवर, सोना चांदी और नकदी रकम बरामद किया लेकिन इस बीच हिरासत में लिए गए एक आरोपी 19 वर्षीय उमेश सिंह की पुलिस हिरासत में मौत हो गई।




## रतनपुर मंदिर में जयंती के दिन होती है कालभैरव की बालस्वरूप में पूजा

# कालभैरव मंदिर, प्रदेश का ऐसा इकलौता मंदिर जहां आज चढ़ेगी मदिरा, पर नहीं लगेगा भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कालभैरव जयंती आज मनाई जाएगी। उज्जैन के प्रसिद्ध कालभैरव मंदिर में भक्तों की भीड़ आज दर्शन-पूजन के लिए उमड़ेगी। वहीं छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध रतनपुर महामाया मंदिर के समीप स्थित श्री कालभैरव मंदिर में भी जयंती के पूर्व ही अनुष्ठान सहित अन्य आयोजन प्रारंभ हो चुके हैं। यहां भी काल भैरव को भोग के रूप में भक्त मदिरा अर्पित करते हैं। 65 हजार रुपए से लेकर लाख रूपए तक कीमती मदिरा भक्त यहां चढ़ाएंगे। मंदिर प्रबंधन के मुताबिक,



आज कालभैरव जयंती

भक्त अपनी श्रद्धानुसार मदिरा लेकर पहुंचते हैं। देशी और विदेशी दोनों तरह की मदिरा भक्तों के चढ़ावे में शामिल रहती है। कई भक्त लाख रूपए से भी अधिक कीमती मदिरा यहां ▶▶|शेष पेज 8 पर

### इसलिए चढ़ता है मदिरा का भोग

काल भैरव तामसिक प्रकृति के देवता हैं, इसलिए उन्हें भोग के रूप में मदिरा अर्पित की जाती है। उन्हें मदिरा अर्पित करना शक्ति और संकल्प का प्रतीक माना जाता है। पंडितों के अनुसार, यदि कोई मंदिर जाकर कालभैरव को मदिरा अर्पित नहीं कर सकते हैं तो घर पर ही उनका ध्यान कर पूजन करना फलदायी रहेगा। उन्हें इमरती सहित उड़द दाल से बने व्यंजन और गुड़ के पुए का भोग भी अर्पित कर सकते हैं।

### एक दिन बाद अर्पित होगा भोग

मंदिर के महंत जागेश्वर अवस्थी ने बताया, आज यहां लाखों रूपए कीमती मदिरा चढ़ावे के रूप में आएगी, लेकिन इसका भोग कालभैरव को नहीं लगाया जा सकेगा। रतनपुर का कालभैरव मंदिर प्रदेश का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जहां भैरव जयंती के दिन भगवान को भोग के रूप में मदिरा अर्पित नहीं की जाती है। मान्यता है कि जयंती के दिन भगवान का जन्म हुआ था। ऐसे में वे इस दिन अपने बाल स्वरूप में होते हैं। उनके बाल स्वरूप में होने के कारण ही उन्हें आज मदिरा नहीं चढ़ाई जाएगी। जयंती के एक दिन बाद गुरुवार को भक्तों द्वारा चढ़ाई गई मदिरा कालभैरव को अर्पित की जाएगी। 17 नवंबर को यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद 151 कन्याओं और बटुकों को भोज भी कराया जाएगा।



# सुबह नाश्ता करने के दौरान आईआईटी स्टूडेंट की सेहत बिगड़ी, संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

आईआईटी के एक छात्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक हरदा जिले के निवासी सोमिल साहू भिलाई स्थित आईआईटी में इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग कर रहा था। मंगलवार की सुबह नाश्ता करते समय अचानक जमीन पर गिर पड़ा। उसे सुपेला के निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमिल की मौत कैसे हुई फिलहाल इसकी जानकारी नहीं हो पाई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पुलिस ने शव को सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पीएम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बताया जा रहा है कि सोमिल माह जुलाई में आईआईटी भिलाई में प्रवेश लिया था। घटना की जानकारी प्रबंधन ने सुबह परिजनों को बता दिया था। परिवार के ओर से उसके जीजा अस्पताल पहुंचे थे। मिरगी आने की बात को लेकर पूरी तरह इंकार कर दिया है।

## नाश्ता करते समय अचानक जमीन पर गिर पड़ा मौत को लेकर परिजनों ने जांच की मांग की





### पढ़ने लिखने में शुरु से था होशियार

अचानक हुई मौत को लेकर परिजनों ने जांच की मांग की है। छात्र के संदिग्ध परिस्थिति मौत को लेकर कई प्रकार का संदेह को जन्म दे रहा है। परिजन होशंगाबाद से भिलाई पहुंचेंगे, तब कुछ जानकारी मिल पाएगी। सोमिल पढ़ने लिखने में शुरु से होशियार था। अचानक हुए इस तरह के मौत से परिजनों को झकझोर कर रख दिया है। बेटे की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा

छात्र की मौत की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मृतक हॉस्टल में रहता था। छात्र एमपी का रहने वाला है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।
**-सुखनंदन राठौर**
एएसपी, दुर्ग

## खबर संक्षेप

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के साढ़े 4 बजे एक दोपहिया सवार की डिवाइडर से टकराकर मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी दोपहिया चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार एक्सीडेंट में पेशे से लैब टेक्नीशियन महेश यादव की मौत हुई है। महेश, यश शर्मा तथा रूपेश साहू एक्टिवा में सवार होकर तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे में सैर करने निकले थे। गाड़ी यश चला रहा था। यश तेज रफ्तार लहराते हुए गाड़ी चला रहा था। इस दौरान महेश डिवाइडर से टकरा गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने महेश को मृत घोषित कर दिया।

### इस्पात कंपनी में धावा साढ़े चार लाख की चोरी



**रायपुर।** धसींवा थाना में एक इस्पात कंपनी के मैनेजर ने अज्ञात के खिलाफ अज्ञात चोर के खिलाफ साढ़े 4 लाख रुपए कीमत की कॉपर वाइंडिंग और आयल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। केपी इस्पात एंड पॉवर प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर पुष्पेंद्र मिश्रा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुष्पेंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर दीवार फांदकर इस्पात कंपनी के अंदर प्रवेश कर ट्रांसफार्मर को तोड़कर कॉपर वाइंडिग तथा आयल चोरी कर ले गया।

# ठाठ-बाठ के जीवन जीने की चाहत ने तोमर बंधू को बनाया सूदखोर, पूछताछ में उगली सच्चाई

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

पुलिस रिमांड में सूदखोर विरेंद्र तोमर एक के बाद एक राज खोल रहा है। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि वह और उसका भाई ठाठ-बाठ का जीवन जीना चाहता था। अंडा ठेला की दुकान लगाने से वह सिर्फ दो समय की रोटी के लिए ही पैसे कमा पा रहा था। इससे उसके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। एक-एक रुपए के लिए उन्हें मोहताज होना पड़ता था। इस तरह उसका पूरा परिवार एक संघर्षपूर्ण जीवन जी रहा था। इसे दूर करने तथा ठाठ-बाठ का जीवन जीने के लिए उसने ऐसे लोगों से संगती की, जिनका काम ही सूदखोरी एवं गुंडागर्दी था। इस संगती से उसके पास भी तेजी से पैसे आने लगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुधरने लगी। सूदखोरी से पैसों की बरसात होती देख उसने इस धंधे को आगे बढ़ाते हुए इसमें अपने भाई को भी शामिल किया।



इस तरह दोनों इस सूदखोरी के धंधे में पूरी तरह से लिप्त होकर लोगों को उधार पैसे देते और फिर वसूली के लिए गुंडागर्दी कर प्रॉपर्टी, गहने, वाहन आदि को कब्जे में लेकर हर महीने पैसों की उगाही किया करते थे।

टिकरापारा थाना क्षेत्र के सीएसपी ने बताया कि विरेंद्र ने पूछताछ में बताया है कि फरार होने के दौरान दोनों भाई अलग हो गए थे। हालांकि फरार होने के बाद भी दोनों मोबाइल के जरिए एक-दूसरे के संपर्क में थे। करीब दो माह पहले रोहित से उसका संपर्क बंद है। हालांकि पुलिस को विरेंद्र के इस बयान पर संदेह है। इसके आधार पर पुलिस उसके द्वारा इस्तेमाल किए गए मोबाइल सिम नंबर पर आए अन्य मोबाइल नंबरों को ट्रेस कर रही है। पुलिस को संदेह है कि तोमर बंधू ने कई कारोबारियों के साथ राजनेताओं के काले धन को भी ब्याज के धंधे में लगाया है। इन पैसों के एवज में वह हर महीने उधार लिए लोगों से वसूली किया करता था। पुलिस इसके बारे में लगातार तोमर से पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने सूदखोर तोमर बंधू के भाठागांव स्थित बंगले में छापेमारी के दौरान नकदी, सोने-चांदी के गहनों सहित प्रॉपर्टी से संबंधित बड़ी मात्रा में दस्तावेज जब्त किए थे। पुलिस को शक है कि नकदी, गहने एवं प्रॉपर्टी भी सूदखोरी कर तोमर बंधुओं ने अर्जित किया है। इसे लेकर भी पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस ने तोमर बंधू के निवास से अवैध रूप से रखे रिवाल्वर, कारतूस आदि हथियार भी जब्त किए थे। ये हथियार उनके पास कहां से आए, किसी से खरीदा या फिर इस कारोबार में संलिप्त लोगों के माध्यम से उन्हें मिला। इन सारे सवालों के जवाब पूछताछ में उजागर होने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि विरेंद्र सिंह तोमर को पुलिस ने ग्वालियर से गिरफ्तार किया है। रायपुर लाए जाने के बाद तोमर को कोर्ट में पेश कर 14 नवंबर तक पुलिस ने रिमांड पर लिया है। इस दौरान पुलिस लगातार तोमर से पूछताछ कर रही है। पुलिस को पूछताछ में अभी तक रोहित तोमर कहां छिपा हुआ है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

# कोर्ट से आरोपी फरार दो सिपाही निलंबित

**सक्ती।** जांजगीर न्यायालय में पेशी के लिए ले जाया जा रहा एक आदतन अपराधी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। वहीं घटना के बाद जिम्मेदार दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

- मालखरौदा पुलिस की लापरवाही सामने आई

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी उमाशंकर साहू आदतन बदमाश है। मालखरौदा पुलिस ने एट्रोसिटी एक्ट के तहत उसे 11 नवंबर को गिरफ्तार कर चालान पेश करने के लिए जांजगीर न्यायालय ले जाया गया था। इसी दौरान आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि उमाशंकर साहू के खिलाफ पहले से कुल 16 आपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस टीम उमाशंकर साहू की तलाश में जुट गई है और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। लापरवाही के मामले में मालखरौदा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार तिवारी और आरक्षक रामकुमार जगत को निलंबित कर दिया गया है।

साथ ही विभागीय जांच भी जारी है। पुलिस अधिकारियों ने उमाशंकर साहू के संबंध में कोई जानकारी मिलने पर तुरंत नजदीकी थाने या पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित करने की अपील की है। आदतन अपराधी के फरार होने की घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए और सख्त निगरानी की आवश्यकता है।

### चल रही तलाश

आरोपी उमाशंकर साहू की तलाश की जा रही है और उसके संभावित ठिकानों पर पुलिस की टीमें भेजी गई हैं। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लापरवाही के मामले में मालखरौदा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार तिवारी और आरक्षक रामकुमार जगत को निलंबित कर दिया गया है।
**-हरीश यादव,** एएसपी सक्ती

# रिटायर फूड इंस्पेक्टर संजय दुबे पर रेप-ब्लैकमेलिंग का केस

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर जिला खाद्य विभाग के सेवानिवृत्त सहायक अधिकारी संजय दुबे के विरुद्ध आरंग पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एक महिला ने संजय दुबे के विरुद्ध शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ रेप करने और उसके बाद अश्लील फोटो-विडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाते हुए इसकी लिखित शिकायत की है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

आरंग पुलिस के अनुसार आरंग ब्लॉक कालोनी निवासी एक महिला ने थाने में खाद्य विभाग के सेवानिवृत्त सहायक अधिकारी संजय दुबे के विरुद्ध शिकायत की है। इस शिकायत में 27 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि संजय दुबे से उसकी वर्ष 2020 में दोस्ती हुई थी। यह दोस्ती फेसबुक के माध्यम से हुई थी। दोस्ती होने के बाद संजय दुबे एक दिन उसके आरंग स्थित घर पहुंच गया। उस दिन वह घर पर अकेली थी। इसका फायदा उठाकर उसने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ अनाचर किया। इस दौरान उसने उसका अश्लील फोटो-विडियो भी बना लिया था, जिसे सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर उससे लगातार ब्लैकमेलिंग करते हुए उसके साथ अनाचार करता रहा। इस बीच संजय ने उससे तीन लाख रुपए भी ले लिए। महिला ने शिकायत में यह भी बयान दिया है कि जब उसने शादी करने के लिए दबाव बनाया, तो उसने इससे इनकार करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगा था। इससे परेशान होकर उसने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### खाद्य विभाग रायपुर में भी सहायक अधिकारी रहे

संजय दुबे के विरुद्ध पूर्व में भी रिश्वतखोरी सहित अन्य मामलों में एसीबी सहित विभिन्न थाने में प्रकरण भी दर्ज हैं। राजनांदगांव में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सहायक खाद्य अधिकारी के पद पर रहते हुए संजय दुबे को 1 लाख 40 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इसी प्रकार तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में महात्मा गांधी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में उसे निलंबित भी किया गया था। निलंबन अवधि में ही वे सेवानिृत्त हुए हैं।

# क्रमोन्नत वेतनमान के लिए एक हजार से अधिक याचिकाएं, सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

### शिक्षिका सोना साहू के पक्ष में फैसले के बाद इसी को आधार बनाया शिक्षकों ने

**बिलासपुर।** क्रमोन्नत वेतनमान की मांग करते हुए एक हजार से अधिक शिक्षकों ने बिलासपुर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। याचिकाओं की संख्या को देखते हुए इस मामले में हाईकोर्ट में प्रतिदिन सुनवाई हो रही थी। बिलासपुर हाई कोर्ट के इतिहास में यह दूसरी मर्तबे है जब इतनी बड़ी संख्या में एक ही मुद्दे को लेकर याचिका दायर की गई है। इससे पहले चिटफंड कंपनियों के खिलाफ निवेशकों व एजेंटों ने हाई कोर्ट में बड़ी संख्या में याचिका दायर की थी। तकरीबन 20 हजार शपथ पत्र दायर किए गए थे।

शिक्षिका सोना साहू की याचिका पर हाईकोर्ट के फैसले को आधार बनाकर एक हजार से अधिक शिक्षकों ने क्रमोन्नत वेतनमान की मांग करते हुए याचिका दायर की है। याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता शिक्षकों के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि सोना साहू के प्रकरण में हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की याचिका को खारिज कर दिया है।

### पदस्थापना वर्ष से ही सेवा की गणना

अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जानकारी देते हुए कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है कि कानून का प्रश्न अभी खुला है और यह तय किया जाना बाकी है। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता शिक्षकों के अधिवक्ताओं से पूछा कि सोना साहू की याचिका पर हाई कोर्ट का फैसला अन्य याचिकाओं पर क्यों प्रभावी होना चाहिए।



जिस आदेश के आधार पर क्रमोन्नति दी गई थी वह पंचायत विभाग के शिक्षकों के लिए था। पंचायत विभाग से शिक्षा विभाग में संविलियन के बाद इसे लागू करने का क्या आधार है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्रमोन्नति लाभ नियुक्ति तिथि से मिलेगा या संविलियन तिथि के बाद। याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि पदस्थापना वर्ष से ही सेवा की गणना होनी चाहिए।

### सेवा अवधि की गणना उसी वर्ष से होगी

राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ताओं ने कहा कि 2017 में जारी सर्कुलर केवल नियमित शासकीय शिक्षकों के लिए लागू था। याचिकाकर्ता शिक्षक वर्ष 2018 में संविलियन के बाद शासकीय सेवक बने हैं, इसलिए उनकी सेवा अवधि की गणना उसी वर्ष से की जाएगी, न कि पंचायत सेवा के आरंभिक वर्ष से। राज्य शासन ने कहा कि 6 नवंबर 2025 को जारी सामान्य प्रशासन विभाग के नवीन परिपत्र में इस विषय को और स्पष्ट कर दिया गया है, जिससे यह भ्रम दूर हो गया है कि क्रमोन्नति किस आधार पर दी जानी है। सोना साहू प्रकरण की परिस्थितियाँ वर्तमान याचिकाओं से पूरी तरह भिन्न हैं, इसलिए उसे इन मामलों में मिसाल के तौर पर लागू नहीं किया जा सकता। शासन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के कुछ निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि रूल ऑफ लॉ के अनुसार पूर्ववर्ती सेवा की गणना तभी की जा सकती है जब संविलियन से पूर्व की सेवाएं नियमित या शासकीय स्वरूप में रही हों।

## वनक्षेत्र में 20 हजार खुले गड्ढे और कुएं हाईकोर्ट ने पूछा, बचाने के उपाय क्या

बिलासपुर। पानी भरे गड्ढे में गिरने के बाद कीचड़ में फंसकर हाथियों की मौत के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। शासन द्वारा प्रस्तुत जवाब में बताया गया कि प्रदेश के वनक्षेत्र में 20 हजार खुले गड्ढे और कुएं हैं। कोर्ट ने इनसे वन्य प्राणियों को बचाने के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी शपथपत्र में देने के निर्देश दिए हैं।

- पानी भरे गड्ढे में गिरने के बाद कीचड़ में फंसकर हाथियों की मौत के मामले में सुनवाई

सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर ने डिवीजन बेंच को बताया कि हाल ही में बलौदाबाजार जिले के बार नवापारा अभयारण्य के ग्राम हरदी में भी तीन हाथी और उनका शावक सूखे कुएं में गिर गए थे। जिन्हें जेसीबी के मदद से निकाला गया था। हाईकोर्ट ने पूछा कि ऐसे सूखे कुओं और गड्ढों की कवरिंग के लिए क्या कर रहे हैं? 15 दिसम्बर की सुनवाई में शासन को नए शपथपत्र में जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं।

### हाथी शावक की डूबकर हुई थी मौत

ध्यान रहे कि रायगढ़ वन क्षेत्र के पानी भरे गड्ढे में हाथी शावक की डूबकर मौत हो गई थी। हाईकोर्ट ने पिछले माह संज्ञान लेकर कहा कि सरकार को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाने चाहिए। इसके लिए निरीक्षण, निगरानी और त्वरित उपचारात्मक कदम उठाने होंगे। कोर्ट के नोटिस के बाद राज्य सरकार की ओर से पिछली सुनवाई में कहा गया कि भविष्य में ऐसी किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

### 17 करोड़ की कैंसर मशीन खराब होने के मामले में शासन से मांगा गया जवाब

बिलासपुर। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अंबेडकर अस्पताल में कैंसर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके बाद भी 17 करोड़ रुपए की मशीन सात साल से बंद पड़ी है। अधिकारियों की लापरवाही और विभागीय जटिलताओं की वजह से यह मशीन आज तक चालू नहीं हो पाई। हाईकोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए शासन से जवाब मांगा है। कोर्ट का कहना है कि अंबेडकर अस्पताल से रोजाना औसतन 30 से 40 मरीज पेट स्कैन जांच कराने निजी अस्पताल जाते हैं। वहां एक बार की जांच का खर्च 25 से 30 हजार रुपए तक होता है। इस तरह सिर्फ अंबेडकर अस्पताल के मरीजों पर हर दिन लगभग 8-9 लाख रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। यह स्थिति तब है जब अस्पताल में वही जांच सरकारी स्तर पर मुफ्त में हो सकती है। कोर्ट ने कहा कि यह जानकारी भी मिली है कि टेक्नीशियन की भर्ती प्रक्रिया केवल प्रस्तावों में ही अटकी है। मेडिकल कॉलेज और अंबेडकर अस्पताल के अधिकारियों ने दो-तीन बार प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजा, लेकिन हर बार फाइल वित्त विभाग में जाकर ठंडे बस्ते में चली गई।

# आबकारी घोटाला: विभाग के ओएसडी के भतीजे और सीए के भाई को मिली जमानत

बिलासपुर। प्रदेश के चर्चित 2165 करोड़ रुपए के आबकारी घोटाला मामले में आबकारी विभाग के ओएसडी रहे अरविंद सिंह के भतीजे अभिषेक सिंह और सीए संजय मिश्रा के भाई मनीष मिश्रा को जमानत मिल गई है। आज जस्टिस अरविंद वर्मा के सिंगल बेंच ने दोनों को आज जमानत प्रदान की है।

संजय मिश्रा और मनीष मिश्रा नेक्सजेन पॉवर कंपनी बनाकर एफएल 10 लाइसेंस लेकर प्रदेश में महंगी ब्रांडेड अंग्रेजी शराब की सप्लाई करते थे। दोनों सगे भाई हैं। संजय मिश्रा पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट है। दोनों भाई नेक्सजेन पॉवर कंपनी के डायरेक्टर है। इनके अलावा आबकारी विभाग के ओएसडी रहे अरविंद सिंह के भतीजे अभिषेक सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था। तीनो को इसी साल 20 जुलाई को ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया था। पूर्व में ही संजय मिश्रा को जमानत मिल चुकी है। मंगलवार को जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच में मनीष मिश्रा और अभिषेक सिंह की नियमित जमानत याचिका की सुनवाई हुई। दोनों की तरफ से सीनियर अधिवक्ता शशांक मिश्रा और गगन तिवारी ने पैरवी की। तथ्यों को सुनने के पश्चात और पूर्व में सीए संजय मिश्रा को मिली जमानत के आधार पर उनके भाई मनीष मिश्रा और अरविंद सिंह की भी नियमित जमानत याचिका मंजूर कर ली गई।

### एफएल 10 लाइसेंस लेकर प्रदेश में महंगी ब्रांडेड अंग्रेजी शराब की सप्लाई करते थे

### यह है शराब घोटालाः

प्रदेश में 2019 से 2023 तक शराब नीति को बदलकर चहेते सप्लायरों के माध्यम से शराब बिक्री का खेल किया गया। इसमें लाइसेंस की शर्तें ऐसी रखी गई कि चहेती कम्पनियों को काम मिल सके। उन कंपनियों ने नकली होलोग्राम और सील बनवाई। यह काम नोएडा की एक कंपनी ने किया। जिसके बाद नकली होलोग्राम लगी शराब की महंगी बोतलें सरकारी दुकानों के माध्यम से बिक्री करवाई गई। चूंकि नकली होलोग्राम था तो बिक्री की जानकारी शासन को नहीं हो पाती थी और बिना एक्साइज टैक्स दिए शराब की बिक्री होती रही। इस तरह से शासन को 2165 करोड़ रुपए के टैक्स का चूना लगाया गया। यह रकम कांग्रेस भवन बनवाने से लेकर नेताओं,अधिकारियों और मंत्रियों तक बटे। इस मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा आबकारी विभाग के 28 आबकारी अधिकारी भी आरोपी बनाए गए थे,जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है।

# पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड के आरोपी दिनेश की जमानत याचिका खारिज

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर मर्डर केस में आरोपी दिनेश चंद्राकर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मुकेश चंद्राकर छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले बीजापुर के पत्रकार थे। पीड़ित पक्ष की ओर से एडवोकेट प्रीतम सिंह ने जमानत का विरोध किया। ध्यान रहे कि मामले में पुलिस पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

बता दें कि बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर 1 जनवरी 2025 की शाम से लापता थे। दो दिन बाद यानी 3 जनवरी 2025 को बीजापुर के चट्टानपारा बस्ती में ठेकेदार सुरेश चंद्राकर की प्रॉपर्टी में सेप्टिक टैंक के अंदर से मुकेश का शव मिला था। आरोपियों ने मुकेश को डिनर के बहाने बुलाकर वार किया। चार आरोपियों ने मिलकर लोहे की रॉड से पत्रकार मुकेश के सिर, छाती, पेट और पीठ पर हमला कर दिया। इस हमले में जब पत्रकार मुकेश की मौत हो गई तो शव को सेप्टिक टैंक में दफना दिया। इस मामले में चारों आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्रकार, उसका भाई रितेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके को गिरफ्तार किया गया है। पत्रकार मुकेश चंद्राकर मर्डर केस में एसआईटी ने 75 दिनों की जांच के बाद 1200 से ज्यादा पन्नों की चार्जशीट पेश की है। एसआईटी ने साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी सुरेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, रितेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके के खिलाफ चार्जशीट पेश की है।

### मर्डर केस में एसआईटी ने 75 दिनों की जांच के बाद 1200 से ज्यादा पन्नों की चार्जशीट पेश की

बिलासपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025 | अगहन कृष्ण पक्ष अष्ठमी | वर्ष : 25, अंक : 229 | पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00*** | haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## सीजन में पहली बार...



उत्तर एवं पूर्व की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से प्रदेश के उत्तर और मध्य हिस्से में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बिलासपुर और रायपुर संभाग के कई हिस्सों में शीतलहर के हालात हैं। इधर, सर्द हवाओं के प्रभाव से अम्बिकापुर का न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड गिरावट के साथ 7.6 डिग्री पर पहुंच गया है जबकि छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट सहित पठारी क्षेत्र सामरी पाट एवं लहसुन पाट का पारा 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

**उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में जारी रहेगी कड़ाके की ठंड**

**छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री मैनपाट में 4 डिग्री**

# बिलासपुर-रायपुर में शीतलहर जैसे हालात, मैनपाट में जमी ओस की बूंदें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/ रायपुर

मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में भी शीतलहर का प्रकोप जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पिछले दो दिनों से शहर सहित पूरा सरगुजा संभाग शीतलहर की चपेट में है। राजस्थान के रेगिस्तान से लगातार पहुंच रही शुष्क ⏭ शेष पेज 8 पर



### मैनपाट में जमा पाला

शीतलहर के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट एवं बलरामपुर जिला अंतर्गत पठारी क्षेत्र सामरी पाट एवं लहसुन पाट का न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। पठारी क्षेत्र होने के कारण इन क्षेत्रों में ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। ⏭ शेष पेज 8 पर

### प्रदेश के प्रमुख शहरों का ऐसा तापमान

| शहर | न्यूनतम | अंतर |
|---|---|---|
| रायपुर | 14.2 | -4.4 |
| माना | 12.6 | -5.3 |
| बिलासपुर | 12.6 | -4.7 |
| पेंड्रा | 09.0 | -6.4 |
| अंबिकापुर | 7.6 | -6.3 |
| जगदलपुर | 16.4 | -0.3 |
| दुर्ग | 10.2 | -7.5 |

### 6 दशक में पहली बार रिकॉर्ड गिरावट

आमतौर पर सरगुजा में नवम्बर के तीसरे सप्ताह में पारा में तेज गिरावट होती है। कई बार मध्य नवम्बर के पूर्व भी न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है लेकिन पिछले 56 वर्षों में मंगलवार को मध्य नवम्बर के पूर्व न्यूनतम तापमान में इतनी अधिक गिरावट दर्ज की गई है जब पारा सामान्य से 6.3 डिग्री की गिरावट के साथ 7.6 के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। न्यूनतम पारा में 0.3 डिग्री की और अधिक गिरावट होते ही क्षेत्रवासियों को भीषण शीतलहर से जूझना पड़ सकता है।

### बच्चों, बुजुर्गों के लिए खतरनाक

विशेषज्ञ चिकित्सक वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड को बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बता रहे हैं तथा इनकी विशेष देखभाल करने एवं गर्म कपड़े पहनने के बाद ही खुले में निकलने की जरूरत बता रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के सहायक अधीक्षक एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.जेके रेलवानी ने बताया अधिक ठंड पड़ने पर सर्दी, खांसी सहित सांस, गले एवं फेफड़े में इन्फेक्शन होने की समस्या आती है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### इंडिगो की दिल्ली से ग्वांगझोउ तक सीधी उड़ानें शुरू



**नई दिल्ली।** इंडिगो ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से चीन के ग्वांगझोउ तक की सीधी उड़ानें शुरू कर दी हैं। कोलकाता के बाद दिल्ली ऐसा दूसरा शहर है, जहां से इंडिगो ने ग्वांगझोउ के लिए सीधी उड़ानें शुरू की हैं। विमानन कंपनी ने बताया कि ये सेवाएं नैरो-बॉडी ए320 नियो विमानों से संचालित की जाएंगी। ग्वांगझोउ के लिए सीधी उड़ान के साथ ही इंडिगो अब दिल्ली को 21 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से जोड़ता है।

### भारत-नेपाल के बीच वार्षिक सीमा वार्ता आज

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के सुरक्षा बलों के प्रमुख आज से यहां वार्षिक सीमा वार्ता करेंगे। यह पहली बार होगा जब भारत का सशस्त्र सीमा बल और नेपाल का सशस्त्र पुलिस बल सितंबर में काठमांडू में हुए 'जेन जेड' के हिंसक प्रदर्शनों के बाद शीर्ष स्तर पर बैठक करेंगे। यह नौवीं वार्षिक समन्वय बैठक 12 से 14 नवंबर तक आयोजित की जाएगी।

# एग्जिट पोल्स... 'बिहार में बहार-नीतीश कुमार', एनडीए को बहुमत के आसार

*एक्जिट पोल में एनडीए को सर्वाधिक 147 से 167 सीटें मिलने का अनुमान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद आए लगभग सभी सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में संभावना जताई गई है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) प्रचंड बहुमत के साथ एक बार फिर सरकार बना सकता है। यदि असल नतीजे भी चुनाव बाद आए इन सर्वेक्षणों के आंकड़ों की तरह रहते हैं तो एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, वाम दल और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के 'महागठबंधन' के लिए सत्ता दूर की कौड़ी साबित होगी। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले राजग में जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तान अवामी मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) शामिल हैं। बिहार में मतदान संपन्न होने के बाद आए लगभग सभी सर्वेक्षण एजेंसियों के एग्जिट पोल में राजग को बड़ी जीत मिलने की भविष्यवाणी की गई है। 'मैट्रिज' के सर्वेक्षण के अनुसार, एनडीए 147 से 167 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत का आंकड़ा हासिल कर सकता है। इसके एग्जिट पोल में कहा गया है कि महागठबंधन ⏭ शेष पेज 8 पर

- विपक्षी इंडिया महागठबंधन को मिल सकती हैं 70 से 90 सीटें

बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान मंगलवार को पूरा हो गया। इसके बाद एग्जिट पोल भी आ गए। अलग-अलग सर्वे एजेंसियों ने बिहार में अगली सरकार को लेकर पूर्वानुमान जारी की। अधिकांश अनुमानों में एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिलने के आसार हैं। अब 14 नवंबर को होने वाली मतगणना में साफ होगा कि राज्य में किसके नेतृत्व में सरकार बनेगी।



### एग्जिट पोल का किस ओर इशारा

तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन को जातिगत समीकरणों और बेरोजगारी के वादों पर उम्मीद थी, लेकिन एग्जिट पोल में उन्हें निराशा हाथ लगते दिख रही है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, बिहार की राजनीति में यह बदलाव महिलाओं की बढ़-चढ़कर भागीदारी को दर्शाता है। दोनों चरणों में महिलाओं का वोट प्रतिशत 65 से अधिक रहा। फिलहाल 14 नवंबर को वास्तविक मतगणना का इंतजार है।

| एक्जिट पोल | एनडीए | महागठबंधन | जनसुराज | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-138 | 100-108 | 0-0 | 3-5 |
| जेवीसी | 135-150 | 88-103 | 0-1 | 3-6 |
| मैट्रिज | 147-167 | 70-90 | 0-2 | 2-8 |
| पीपल इनसाइट्स | 133-148 | 87-102 | 0-2 | 3-6 |
| पीपल पल्स | 133-159 | 75-101 | 0-5 | 2-8 |
| पोल ऑफ पोल्स | 147 | 90 | 1 | 5 |

### भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत

दूसरे चरण की वोटिंग के बीच भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की है। भाजपा ने बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की शिकायत में कहा कि, आरजेडी अपने सोशल मीडिया हैंडल से झूठ फैला रही है और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है। भाजपा ने शिकायत में आरजेडी के सोशल मीडिया हैंडल से भाजपा और एलजेपी की तरफ से जेडीयू को वोट नहीं डलवाने, साथ ही साथ जेडीयू द्वारा बीजेपी और एलजेपी के पक्ष में वोट नहीं डलवाने का भ्रामक पोस्ट किए जाने पर शिकायत की है।

### सीतामढ़ी में पोलिंग एजेंट के खिलाफ केस

सीतामढ़ी के रुन्नीसैदपुर राजकीय मध्य विद्यालय बूथ संख्या 270 पर पोलिंग एजेंट गौतम कुमार के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें, पोलिंग एजेंट गौतम कुमार उम्मीदवार का पम्पलेट पोलिंग स्टेशन के अंदर मतदाताओं को दिखा कर प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे।

### वोटिंग ने तोड़ दिए सारे रिकॉर्ड, 67 फीसदी से ज्यादा मतदान



बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मंगलवार को रिकॉर्ड 67.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह अब तक का सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। इस चुनाव को राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार के नेतृत्व पर जनमत संग्रह के रूप में देखा जा रहा है। राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, दूसरे चरण में 122 विधानसभा क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक 67.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो छह नवंबर को पहले चरण में हुए 'रिकॉर्ड' 65.09 प्रतिशत मतदान से लगभग दो फीसदी अधिक है। अधिकारियों ने कहा कि कई मतदान केंद्रों पर शाम तक लंबी कतारें देखी गईं, इसलिए अंतिम मतदान प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है। इस चरण में 3 करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाता 122 सीटों पर 1302 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद कर चुके हैं। इनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली सरकार के आधा दर्जन से अधिक मंत्री भी शामिल हैं। बिहार चुनाव के दूसरे चरण में 45,399 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए, जिनमें से 40,073 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाकों में हैं। कुल मतदाताओं में 1.75 करोड़ महिलाएं हैं।

**14,900 से अधिक को मिलेगा रोजगार**

**गुजरात में हुआ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम**

# छग को मिला 33,321 करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अहमदाबाद में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को लगभग 33,321 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने थर्मल पावर प्लांट, ग्रीन स्टील मैन्यूफैक्चरिंग, सोलर सेल, फार्मास्यूटिकल उत्पाद और मेडिकल फूड सप्लीमेंट जैसे क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों के निवेश प्रस्ताव पत्र प्रदान किए। छत्तीसगढ़ को मिले इन निवेश प्रस्तावों से राज्य में 14,900 नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। ⏭ शेष पेज 8 पर

- छत्तीसगढ़ को अब तक मिले कुल 7.83 लाख करोड़ के प्रस्ताव




### इन कंपनियों ने की निवेश की घोषणाएं

- फार्मास्यूटिकल उत्पाद और मेडिकल फूड सप्लीमेंट का निर्माण करने वाली लीजियम लाइफ साइंसेस प्राइवेट लिमिटेड ने 101 करोड़ का प्रस्ताव दिया। इससे 750 रोजगार सृजित होंगे।
- 22,900 करोड़ की लागत से 1,600 मेगावाट क्षमता का थर्मल पावर ⏭ शेष पेज 8 पर

### छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाना हुआ सुगम

श्री साय ने कहा, गुजरात जिस प्रकार देश और विश्व की अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है, उसी दिशा में छत्तीसगढ़ भी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने ⏭ शेष पेज 8 पर

**एसआईटी की बड़ी कार्रवाई**

# सबरीमला सोना चोरी मामले में टीडीबी का पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ तिरुवनंतपुरम

केरल के प्रसिद्ध सबरीमला मंदिर से जुड़े सोना गायब होने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। इस मामले की जांच कर रही एसआईटी ने मंगलवार को त्रावणकोर देवासम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व अध्यक्ष एन. वासु को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी राज्य सरकार के शीर्ष नेतृत्व से जुड़े एक बड़े नाम के रूप में देखी जा रही है। सूत्रों के अनुसार, एन. वासु से घंटों पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। वासु इससे पहले दो बार टीडीबी के कमिश्नर रह चुके हैं और बाद में अध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए थे। गौरतलब है कि इससे पहले एसआईटी ने मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को गिरफ्तार किया था।



### हाईकोर्ट की निगरानी में जांच

केरल हाईकोर्ट इस मामले की जांच पर खुद निगरानी रख रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद एसआईटी ने कई पुराने मामलों को फिर से खोला है। सोना गायब होने का यह मामला वर्षों पुराना है, लेकिन हाल में मिले नए साक्ष्यों के बाद जांच में सामने आया है कि मंदिर के द्वारपालक मूर्तियों और श्रीकोविल के सोने जड़े दरवाजों की प्लेटों से सोना गायब हुआ था।

# कृमिनाशक एल्बेंडाजोल सहित तीन दवाएं ब्लैक लिस्टेड, सेंट्रल लैब की जांच में मिली थीं अमानक

**कैल्शियम विथ विटामिन-डी3 और हेपारिन सोडियम का इंजेक्शन भी 3 साल के लिए प्रतिबंधित**

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

कम असरदार कृमिनाशक एल्बेंडाजोल के साथ कैल्शियम विथ विटामिन-डी3 और हेपारिन सोडियम का इंजेक्शन को 3 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड किया गया है। तीनों दवाओं के संबंध में राज्य के अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों से शिकायत आई थी। इस आधार पर दवाओं को होल्ड कराकर सैंपल जांच के लिए सेंट्रल लैब भेजा गया था। रिपोर्ट अमानक मिलने के बाद तीनों दवाओं को प्रतिबंधित किया गया है। इसमें हरियाणा बद्दी की कंपनी दो दवाओं और वड़ोदरा गुजरात की कंपनी इंजेक्शन की सप्लाई करती थी।

इन दवाओं पर कार्रवाई सीजीएमएससी की जीरो टालरेंस नीति के तहत किया गया है। कंपनी दवाओं की सप्लाई दवा निगम के माध्यम से करती थी। इनके खिलाफ अलग-अलग समय में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से शिकायत मिल रही थी। सीजीएमएससी ने इस आधार पर इन दवाओं और इंजेक्शन के उपयोग को होल्ड करवाया था। साथ ही अस्पतालों में मौजूदा स्टॉक को वापस मंगाया था। इन दवाओं और इंजेक्शन के सैंपल की जांच एनएबीएल की मान्यता वाले लैब और केंद्रीय प्रयोगशाला में कराई गई थी, जिनमें रिपोर्ट अमानक मिली थी। इस आधार पर सप्लायर कंपनी और उनकी दवा के खिलाफ सख्त एक्शन लिया गया है। संबंधित आपूर्तिकर्ता अब ब्लैकलिस्टिंग अवधि समाप्त होने तक किसी भी नई निविदा में भाग लेने के लिए अयोग्य रहेंगे। कॉरपोरेशन द्वारा सभी कार्रवाई सीडीएससीओ, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 के प्रावधानों के अनुसार की जाती है, ताकि केवल गुणवत्तायुक्त दवाएं ही मरीजों तक पहुंचें।

## हेल्थ सेंटरों से मिली थी शिकायत, हरियाणा और गुजरात की कंपनी ने की थी सप्लाई



### किसकी दवा और क्या उपयोग

1. मेसर्स एफ्फी पैरेंटेरल्स विलेज गुग्गरवाला, बद्दी (हिमाचल प्रदेश) -
0 कैल्शियम (एलिमेंटल) विद विटामिन D3 टैबलेट्स जिसका उपयोग हड्डी और शरीर की कमजोरियों को दूर करने के उपयोग में आता है।
0 एलबेंडाजोल टैबलेटस जिसका उपयोग पेट में कृमि की शिकायत पर किया जाता है।
2. मेसर्स डिवाइन लेबोरेट्रीज प्रा. लि., वडोदरा (गुजरात)-
हेपारिन सोडियम 1000 आईयू/एमएल इंजेक्शन आईपी का उपयोग थक्का जमने जैसी शिकायत होने पर किया जाता है। आम तौर पर इसका उपयोग न्यूरो सर्जरी विभाग में किया जाता है।

### मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि

मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस पर किसी भी स्तर पर कोई समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी दवा गुणवत्ता से जुड़ी किसी भी चूक पर कार्रवाई जारी रहेगी।

**- श्याम बिहारी जायसवाल,** स्वास्थ्य मंत्री \

**बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता की तबीयत पहले से बेहतर**


# धर्मेंद्र के निधन की अफवाह, बिफरीं हेमा, कहा- ये गैर जिम्मेदाराना

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र, जिन्हें प्यार से 'ही-मैन' कहा जाता है, मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हैं। परिवार ने सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए बताया कि धर्मेंद्र डॉक्टरों की देखरेख में हैं और उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। सोशल मीडिया पर लगातार एक्टर के निधन की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन ईशा देओल ने इसका खंडन किया है। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र की तबियत स्थिर है, वहीं अब हेमा मालिनी ने निधन की खबरों पर दुख जताया है और कहा है कि ऐसी खबरें अपमानजनक और गैर जिम्मेदाराना तथा माफ करने लायक नहीं हैं।

### मेरे परिवार की निजता का सम्मान करें : ईशा

ईशा देओल ने इंस्टाग्राम पर लिखा मेरी आप सभी लोगों से रिक्वेस्ट है कि वे हमारे परिवार की निजता का सम्मान करें। पापा की तेज रिकवरी के लिए दुआ करें। अफवाहों के मामले में ईशा ने कहा मीडिया इस मामले पर ज्यादा ही सक्रिय चल रही है और गलत खबरें फैला रही है।



**धर्मेंद्र के निधन का समाचार हुआ वायरल:** बता दें कि सोशल मीडिया पर कई बड़े राजनेता और बॉलीवुड स्टार्स ने भी निधन की खबर की पुष्टि करते हुए श्रद्धांजलि तक अर्पित कर दी थी, हालांकि धर्मेंद्र बिल्कुल ठीक हैं और अच्छे से रिकवर कर रहे हैं। खबर सामने आते ही एक्टर के चाहने वालों के बीच खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

### धर्मेंद्र के लिए शुभकामनाएं भेज रहे लोग

फैन्स और फिल्म इंडस्ट्री के लोग धर्मेंद्र के ठीक होने के लिए शुभकामनाएं भेज रहे हैं। रितेश और जेनेलिया देशमुख, जिन्हें सोमवार शाम एक कार्यक्रम में देखा गया, उन्होंने कहा, उनकी सेहत के लिए मैं प्रार्थना कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि उनकी तबीयत ठीक हो जाएगी। जल्दी से जल्दी वो स्वस्थ हों, यही ईश्वर के चरणों में मेरी प्रार्थना है। जेनेलिया ने कहा, 'मैं तहे दिल से प्रार्थना कर रही हूं, उम्मीद करती हूं कि वह जल्द ठीक हो जाएं। दिव्या दत्ता ने अपने और धर्मेंद्र के रिश्ते को याद किया है।

## चिंतन

# आतंकी किसी भी तरह से दहशत फैलाने पर आमादा

जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, साफ होता जा रहा है कि देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने की नापाक साजिश के पीछे आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हाथ है और इसके तार कश्मीर घाटी से जुड़े हुए हैं। कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी होने के कारण आतंकी वहां कोई हरकत करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे तो इन्होंने उत्तर भारत में दहशतगर्दी को अंजाम की साजिश रची। हालांकि हमारे सुरक्षा सुरक्षा बलों ने फरीदाबाद, सहारनपुर में छापे मारकर भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद कर लिया था और पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के करीब थे तभी आतंकी आकाओं ने दिल्ली में धमाके को अंजाम दे दिया। जांच में पता चला है कि धमाके में अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल किया गया। इससे पहले जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद से तीन क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया था। माना जा रहा है कि दिल्ली विस्फोट के तार भी फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं। फरीदाबाद में कई जगह से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री की बरामदगी और फिर दिल्ली में धमाके का एक दिन होना, निस्संदेह किसी बड़ी साजिश की आशंका की ओर इशारा कर रहा है। आतंकी हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी तरह से भारत की शांति को भंग किया जाए। इसके लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं और ये धमाके फरीदाबाद मॉड्यूल का ही कारनामा है। इसमें कई डॉक्टरों के शामिल होने की वजह से इसे 'व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल' भी कहा जा रहा है। अब ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि मॉड्यूल का असली मास्टरमाइंड मौलवी इरफान अहमद है, जो कि जम्मू और कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। इस आतंकी मॉड्यूल में जितने भी डॉक्टर शामिल हैं, उन सबको मौलवी इरफान ने ही कट्टरपंथी बनाया है। वह श्रीनगर के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में पैरामेडिकल था और सभी स्टूडेंट्स से लगातार संपर्क में था। वह नौगाम मस्जिद का इमाम भी था। कहा जा रहा है कि वह जैश-ए-मोहम्मद से प्रेरित है और छात्रों को उसके वीडियो दिखाता रहता था। वह अफगानिस्तान में किसी से वीओआईपी पर बातें भी करता था।' जानकारी के उसका काम यह सुनिश्चित करना था कि छात्र कट्टर बनें और डॉक्टर मुजम्मिल शकील और डॉक्टर मोहम्मद उमर, इरफान के इसी काम को आगे बढ़ाने में लगे हुए थे। जिसे अब फरीदाबाद मॉड्यूल कहा जा रहा है, उसकी जांच 27 अक्टूबर को श्रीनगर के नौगाम में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन वाले पोस्टर सामने आने के साथ शुरू हुई थी। इस मामले में पहले तीन ग्राउंड वर्कर धरे गए थे, जो एक जमाने में श्रीनगर में पत्थरबाजी का काम करते थे। उन्होंने ही पुलिस को मौलवी इरफान अहमद तक पहुंचाया। मौलवी से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने डॉ. अदील अहमद राथर और जमीर अहनगर को गिरफ्तार किया। हालांकि अभी जांच एजेंसियों ने कोई खुलासा नहीं किया है। वे हर कड़ी को जोड़ने के काम में लगी हैं। इतना तो साफ है कि दहशतगर्दों का इरादा भारत में अशांति फैलाने का है। हम सबसे इसे लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। सुरक्षा बल तो अपना काम कर रहे हैं। देश का हर नागरिक अगर सतर्क होगा तो आतंकी मनसूबे कामयाब नहीं हो पाएंगे।



वारदात
डॉ. रमेश ठाकुर

# दिल्ली ब्लास्ट हादसा या साजिश

दिल्ली जैसा राज्य जो अति सुरक्षित हो, चप्पे-चप्पे पर चौबीसों घंटे चौकसी रहती हो? जहां केंद्र सरकार से लेकर खुफिया एजेंसियों का ठिकाना हो, वहां घटित ऐसे हादसे को सीधे-सीधे हुकूमत की नाकामी और सुरक्षा तंत्र की घोर विफलता ही कहा जाएगा। विस्फोट का खौफजदा मंजर न सिर्फ भयभीत करने जैसा था, बल्कि डरावना भी? सीसीटीवी फुटेज में कार घटना के कुछ घंटे पहले पास के एक मस्जिद परिसर में खड़ी देखी गई। क्या प्लानिंग पहले से की गई थी या फिर आरडीएक्स के शेष हिस्से को ब्लास्ट के जरिए दफन करना था। हालांकि, घटना के बाद जांच चौकसी को बढ़ाते हुए हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों में हाई अलर्ट किया गया है।

ब्लास्ट होने के महज कुछ घंटों पहले दिल्ली से सटे 47 किलोमीटर दूर फरीदाबाद में संदिग्धों के घरों से हथियारों का भारी मात्रा में जखीरा मिलना और सैकड़ों किलो आरडीएक्स की बरामदगी घटना से संबंध जुड़ने की ओर इशारा करती है? बेशक घटना को अभी आतंकी या फिदायीन हरकत करार न दी गई हो? पर, हमले का मॉड्यूल बहुत कुछ कहता है। हालांकि, केंद्रीय जांच एजेंसियां, एनआईए और एनएसजी फिलहाल हर एंगल से कड़ियों को जोड़ने में लगी है। खुदा-ना-खास्ता अगर ये आतंकियों की हरकतें निकली, तो समझ लेना चाहिए कि अब उन्होंने अपने मंसूबों को अंजाम देने वाले तरीकों में बदलाव कर लिया है। दिन में आतंकी नेटवर्क का पकड़ा जाना और देर शाम को धमाका हो जाने की थ्योरी पर सभी अचंभित हैं। दिल्ली जैसा राज्य जो अति सुरक्षित हो, चप्पे-चप्पे पर चौबीसों घंटे चौकसी रहती हो? जहां केंद्र सरकार से लेकर खुफिया एजेंसियों का ठिकाना हो, वहां घटित ऐसे हादसे को सीधे-सीधे हुकूमत की नाकामी और सुरक्षा तंत्र की घोर विफलता ही कहा जाएगा। विस्फोट का खौफजदा मंजर न सिर्फ भयभीत करने जैसा था, बल्कि डरावना भी?

घटना के समय चारों तरफ भगदड़ मचना, चीख-पुकार का तेज शोर व विस्फोटक चिंगारियों से मेट्रो स्टेशन के शीशों का चटाचट टूटना और ब्लास्ट वाली कार का एक गेट करीब 90 मीटर दूर जाकर गिरने के मंजर को देखकर प्रत्यक्षदर्शी, राहगीर और दुकानदार सहम से गए। लोग दुकानों में छिप गए, गाड़ियों की आड़ लेकर बैठ गए। ब्लास्ट वाली जगह पर चौबीसों घंटे लोगों की चहल-पहल रहती है। एशिया का सबसे बड़ा बाजार भी वहीं है, इसलिए उसे व्यस्तम इलाकों में गिना जाता है। लालकिले के बाहरी हिस्से में लाखों लोगों की प्रतिदिन आवाजाही रहती है। गनीमत ये रही कि सोमवार का दिन था, अमूमन दुकानें बंद रहती हैं। वरना, इस भयभीत मंजर में भगदड़ मचने से और भी बड़ी घटना हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जैसे अचानक से धरती फट गई हो और आसमान पूरा लाल हो गया हो? लोगों ने बताया कि घटनास्थल पर किसी का हाथ पड़ा था तो किसी की कटी हुई गर्दन? जलते मांस के टुकड़ों से आती गंध ने और ज्यादा मंजर डरावना कर दिया। कुछ मिनट तक लोग समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या है? दिल्ली सत्ता का केंद्र ही नहीं, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से प्रतीक भी माना जाता है।

बहरहाल, फिदायीन हमले की आशंका है जिसको मद्देनजर रखकर ही एनआईए और एनएसजी जांच में जुटी है। क्योंकि ऐसे हमलों की खुफिया जानकारियां उन्हें पूर्व से प्राप्त हैं। तकरीबन इस तरह के हमले विस्फोटक पदार्थों से ही किए जाते हैं जिसका पुलवामा कांड सबसे बड़ा उदाहरण है। इंटेलिजेंस को अगस्त से ही इनपुट मिल चुके थे कि जम्मू के रास्ते कुछ आतंकी देश में प्रवेश कर चुके हैं जो कहीं न कहीं बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में हैं। उन्हें डिटेन करने में तमाम खुफिया एजेंसी सक्रिय थीं। लेकिन सटीक जानकारियों का अभाव रहा। हालांकि, हथियार और आरडीएक्स को बरामद करने में सफलता जरूर मिली। पर, कौन से आतंकी संगठन शामिल हैं और उनका घटनाई मॉड्यूल क्या है? आदि की जानकारी से हाथ खाली रहा। मौजूदा



घटना के तह तक जाने की जरूरत है। देशवासियों को इसलिए बताना चाहिए, ताकि नागरिक खुद से भी सतर्क हो सकें। ऐसी घटनाओं पर समय रहते अगर प्रतिबंध नहीं हुआ, तो आतंकियों के हौसले और बुलंद हो जाएंगे। घटना में हरियाणा की एचआर-26, 7624 नंबर की आई-20 जो कार प्रयुक्त हुई है उसकी पहचान जांच एजेंसियों ने कर ली है। कार का मालिक फरीदाबाद निवासी कोई मोहम्मद सलमान नाम का है जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। कुछ महीने पहले उसने उस कार को सेकंड हैंड किसी से खरीदी थी।

निश्चित रूप कार के जरिए बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। कार का इसी साल सितंबर में गलत पार्किंग को लेकर फरीदाबाद में चालान भी कटा था। घटना के वक्त कार में तीन लोगों के होने की आशंका जताई गई, जो थे उनके चिथड़े उड़ चुके हैं। कार में वांछित डॉ. उमर मोहम्मद के होने की भी आशंका है, वहीं उमर जिसके घर से घटना के कुछ घंटों पहले हथियारों का जखीरा और आरडीएक्स बरामद हुआ था। कार से बरामद शव उस हालत में नहीं हैं जिनकी शिनाख्त की जाए, डीएनए जांच से ही उनकी पुष्टि हो सकेगी। घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठ खड़े हुए हैं। जैसे, कि ब्लास्ट होने की भनक भारतीय खुफिया एजेंसियों को क्यों नहीं लगी? घटना केंद्र सरकार और स्थानीय सरकार के बिल्कुल नाक के नीचे घटी। पुलिस को ब्लास्ट की सूचना 6 बजकर 52 मिनट पर मिली। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-एक के बा-मुश्किल 20-25 मीटर दूरी पर लाल बत्ती पर एक स्लो मोशन कार आती है और ब्लास्ट हो जाता है। सीसीटीवी फुटेज में कार घटना के कुछ घंटे पहले पास के एक मस्जिद परिसर में खड़ी देखी गई। क्या प्लानिंग पहले से की गई थी या फिर आरडीएक्स के शेष हिस्से को ब्लास्ट के जरिए दफन करना था। हालांकि, घटना के बाद जांच चौकसी को बढ़ाते हुए कई राज्यों में हाई अलर्ट किया गया है। आईबी के पास सूचनाएं हैं कि ऐसी घटनाएं कुछ राज्यों में भी घट सकती हैं। इसलिए एहतियातन केंद्र सरकार ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में अलर्ट जारी किया है। 2025 हादसों के लिए जाना जाएगा। कोई ऐसा महीना नहीं बीता, जब देश में कोई बड़ी घटना न घटी हो? कहीं भगदड़, तो कहीं कुदरती आपदाएं। झकझोर देने वाला पहलगाम हमला भी शामिल है। फिलहाल, दिल्ली में ब्लास्ट के बाद गृहमंत्रालय में आपातकालीन बैठक बुलाई जिसमें एनएसए चीफ अजीत डोभाल के अलावा सुरक्षातंत्र से जुड़े आलाधिकारी शामिल हुए। बैठकों का दौर जारी है। दिल्ली ब्लास्ट को लेकर गृह मंत्रालय में बैठक में सभी अधिकारियों को गृहमंत्री ने दिए निर्देश कि इस घटना में शामिल कोई दोषी नहीं बचना चाहिए।

सवाल उठता है कि सांप निकल जाने के बाद डंडा फटकारने का क्या तुक? घटना में 11 लोगों के मरने और 24 के घायल होने के आंकड़ों को प्रशासन ने जारी किया है। आंकड़े बढ़ सकते हैं। कब तक बेकसूर लोग अपनी जानें ब्लास्ट जैसी घटनाओं में देते रहेंगे? अमन-शांति के हुकूमती नारे धरातल पर कब उतरेंगे, कौनसी घड़ी आएगी जब ये सब होगा? ऐसे सवाल प्रत्येक भारतीयों के मन में उठने लगे हैं। फिलहाल, दिल्ली पुलिस सहारनपुर , फरीदाबाद और गुजरात के कनेक्शन की भी जांच कर रही है। बताया गया है कि दिल्ली ब्लास्ट में साजिश के मास्टरमाइंड डॉक्टर उमर की मौत हो गई है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने डॉक्टर उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके। श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा कि हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिए भी डीएनए नमूना लिया है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## चुनाव प्रक्रिया
सोनम लववंशी




# अंगुली की स्याही और लोकतंत्र की चेतना!

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि यहां अंतिम निर्णय जनता करती है। सरकारें बनती हैं, गिरती हैं, और समय के साथ बदल भी जाती हैं, लेकिन मतदाता का निर्णय ही अंततः सर्वोपरि माना जाता है। इसलिए जब चुनाव प्रक्रिया, चुनाव आयोग या ईवीएम पर संदेह प्रकट किया जाता है, तो यह संदेह वस्तुतः जनता के विवेक और उसके निर्णय पर उठाया गया प्रश्न होता है। बीते एक दशक के राजनीतिक विमर्श में यह प्रवृत्ति स्पष्ट दिखी है कि राजनीतिक पराजय का कारण आत्ममंथन से नहीं, बल्कि मशीनों और व्यवस्थाओं में खोजा जाने लगा है। यह प्रवृत्ति स्वस्थ लोकतंत्र की संस्कृति को क्षीण करती है, क्योंकि वह जनता को निर्णयकर्ता नहीं, किसी अदृश्य षड्यंत्र की शिकार भीड़ के रूप में प्रस्तुत करती है। राहुल गांधी की हालिया राजनीतिक रणनीति इसी दिशा में आगे बढ़ती दिखाई देती है। वे समाज में 90 फीसदी बनाम 10 फीसदी की रेखा खींचते हैं, और यह रेखा केवल सांख्यिकीय नहीं भावनात्मक विभाजन की है। उनका यह कहना कि भारत की 90 फीसदी आबादी ओबीसी, एससी-एसटी है और सत्ता केवल कुछ 'सवर्ण वर्ग' के पास है, सुनने में आकर्षक नारा तो हो सकता है, लेकिन यह सामाजिक संरचना की जटिलताओं को जानबूझकर सरलीकृत करता है। यह आंकड़ों और इतिहास की अनदेखी करके वर्गीय द्वेष को वैचारिक रूप देने का प्रयास है और यही इसकी खतरनाक प्रकृति है। दरअसल सत्ता का संघर्ष लोकतंत्र में स्वाभाविक है, पर जब संघर्ष को जाति-विभाजन के ईंधन से चलाया जाए, तो वह राजनीति नहीं, विस्फोटक वातावरण पैदा करने की रणनीति बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर माइक्रोफ़ोन पर 'नकली ओबीसी' जैसी टिप्पणी केवल एक व्यक्ति पर व्यक्तिगत आक्षेप नहीं है, यह उस समुदाय के सामाजिक आत्मसम्मान को भी हल्का दिखाने की चेष्टा है, जो वर्षों से अपनी पहचान और अधिकार की गरिमा स्थापित करने में लगा है। एक राजनीतिक विचारधारा और नेतृत्व की आलोचना की जा सकती है, की जानी भी चाहिए, परंतु समुदायों को परस्पर संदेह और प्रतिस्पर्धा में खड़ा करने वाले वाक्य लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करते हैं और यही रणनीति संस्थाओं के प्रति अविश्वास फैलाने में भी दिखाई देती है। ईवीएम को 'भाजपा की मशीन' कहना, न्यायपालिका को दबाव में बताना और सेना को सरकार की कठपुतली कहना ये बयान राजनीतिक तर्क नहीं, ये संदेह को सामान्य बनाने का प्रयास हैं। हाल ही में राहुल गांधी द्वारा 'जेन-जी' को संबोधित कर यह कहना कि "तुम्हारा भविष्य तुमसे छीना जा रहा है"। महज भावनात्मक अपील नहीं है। यह बयान ठीक उस समय आया, जब नेपाल और बांग्लादेश में युवाओं के नेतृत्व में व्यापक अस्थिरता पैदा हुई थी। यह समानता संयोग नहीं, रणनीति की निरंतरता को संकेत करती है। युवा ऊर्जा को विरोध में मोड़कर सत्ता परिवर्तन को भावनात्मक धर्मयुद्ध के रूप में पेश करना। राजनीति का यह तरीका अनुभव की कमी वाले युवाओं को शीघ्र ही यह विश्वास दिला देता है कि उनके सभी संकट किसी व्यवस्था की ओर से थोपे गए हैं और उनका समाधान टकराव में है। यह लोकतांत्रिक संवाद का मार्ग नहीं, अव्यवस्था के बीज बोने का मार्ग है। ऐसे में जहां तक चुनाव परिणामों पर उठाए जा रहे प्रश्नों का सवाल है, वहां राहुल गांधी की तर्कपद्धति चयनात्मक दिखाई देती है। वे कहते हैं कि हरियाणा में कांग्रेस 22,779 वोटों के कुल अंतर से आठ सीटों पर हार गई। पर वे यह नहीं बताते कि उन्हीं कम मार्जिन वाली सीटों में कांग्रेस अधिक सीटें जीत भी गई। तब न चुनाव आयोग पर संदेह हुआ, न ईवीएम पर। क्योंकि तब विजय थी, और विजय को हमेशा 'जनता का निर्णय' कहा जाता है। पराजय के समय यही निर्णय "भ्रम" या 'साज़िश' कह देना राजनीतिक परिपक्वता नहीं, आत्म-चिंतन से बचने का तरीका है। कुल-मिलाकर देखें तो सच यही है कि लोकतंत्र की परिपक्वता इस बात में है कि हारने वाला पक्ष भी कह सके कि, 'जनता ने यह निर्णय दिया है, हमें इससे सीखना होगा।' लोकतंत्र की कमजोरी वहीं से शुरू होती है जहां कोई यह कहने लगे, "निर्णय गलत था, जनता भ्रमित थी।" यह मानसिकता जनता को सम्मान नहीं, बल्कि संदेह की दृष्टि से देखती है। अंततः, आज भारत में संकट न तो चुनाव आयोग में है, न ईवीएम में, न चुनावी प्रक्रिया में। संकट एक सोच में है जनादेश को स्वीकार न करने की सोच में। यह लोकतंत्र के उस मूल स्तंभ को चुनौती देता है जिस पर पूरी व्यवस्था टिकी है और वह है, जनता की अंतिम निर्णायकता। लोकतंत्र मशीनें नहीं, जनता के विश्वास पर चलता है और राहुल गांधी सरीखे नेता को यह मानना होगा।

( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
**दर्शन**

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।


# मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित
**प्रेरणा**

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहाँ उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोलेः कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोलाः बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोलेः घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जायेगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोलाः चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोलेः तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कम करना होगा प्लास्टिक का उपयोग

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अंबिकापुर के गार्बेज कैफे का जिक्र किया। वर्ष 2019 में खोला गया यह देश का पहला गार्बेज कैफे था। अंबिकापुर नगर निगम ने प्लास्टिक वेस्ट के दुष्प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से यह अनोखी पहल की थी। इस कैफे की खासियत यह है कि यहां प्लास्टिक कचरे के बदले भरपेट खाना और नाश्ता मिलता है। एक किलो प्लास्टिक देने पर पूरा खाना और आधा किलो प्लास्टिक देने पर नाश्ता दिया जाता है। अंबिकापुर ने गार्बेज कैफे जैसे नवाचार के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में एक मिसाल कायम की है। इस पहल से शहर में प्लास्टिक वेस्ट की मात्रा वर्ष दर वर्ष घटती जा रही है। एक बार फिर प्लास्टिक कचरा बातचीत का केंद्र बन गया है।

*- अमित पटेल, सरगुजा*

## ट्रेंड

### दिल्ली हादसे से मन व्यथित



दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी के मन को व्यथित किया है। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मैं आश्वस्त करता हूं कि हमारी जांच एजेंसियां इस षड्यंत्र की तह तक जाएंगी। जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाएगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आधुनिक तकनीक



रक्षा क्षमता विकास के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग केवल हमारे शस्त्रागार को उन्नत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारे संपूर्ण दृष्टिकोण को बदलने के बारे में है।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### हमारे लिए राष्ट्र प्रथम



कुछ लोग हैं, रहेंगे हिंदुस्तान में, खाएंगे हिंदुस्तान में, लेकिन 'वंदे मातरम' नहीं गाएंगे, हम उनकी मंशा को समझें...जो 'वंदे मातरम' का विरोध कर रहे हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। हम जिएंगे तो देश के लिए, मरेंगे तो देश के लिए और कुछ भी योगदान देंगे तो राष्ट्र प्रथम होगा।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### दिल्ली हादसा दुर्भाग्यपूर्ण



दिल्ली में ब्लास्ट एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। ऐसे तत्व, जो लोगों के दिमाग में जहर घोलकर उन्हें इस तरह की हरकतें करने के लिए उकसाते हैं, उन्हें अलग-थलग कर दिया जाना चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

**-श्री श्री रविशंकर, आध्यात्मिक गुरु**

## करंट अफेयर

# सीनेट ने 'शटडाउन' समाप्त करने विधेयक को दी मंजूरी



अमेरिकी संसद के उच्च सदन सीनेट ने सरकारी 'शटडाउन' (सरकारी कामकाज के लिए वित्तपोषण की कमी) समाप्त करने के लिए सोमवार को विधेयक पारित कर दिया और इसी के साथ इतिहास का सबसे लंबा 'शटडाउन' खत्म होने के करीब पहुंच गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के एक छोटे समूह ने अपनी पार्टी के भीतर तीखी आलोचना के बावजूद रिपब्लिकन के साथ एक समझौते की पुष्टि की जिसकी मदद से यह विधेयक पारित हुआ। पिछले 41 दिन से जारी शटडाउन कुछ और दिन जारी रह सकता है क्योंकि संसद के निचले सदन यानी प्रतिनिधि सभा के सदस्य सितंबर के मध्य से अवकाश पर हैं। वे विधेयक पर मतदान करने के लिए वाशिंगटन लौटेंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विधेयक के प्रति समर्थन का संकेत देते हुए सोमवार को कहा, 'हम जल्द ही शटडाउन समाप्त करेंगे।' दरअसल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के एक समूह ने स्वास्थ्य देखभाल सब्सिडी के विस्तार की गारंटी के बिना चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की जिससे उनके 'कॉकस' के कई सदस्य नाराज हो गए। इस 'कॉकस' का कहना है कि अमेरिकी लोग चाहते हैं कि सब्सिडी को लेकर लड़ाई जारी रखी जाए।

## ऑफ बीट

# वास्तविकता 'कम खाओ ज्यादा चलो' से अलग है



दशकों तक हमें बताया गया कि वजन कम करना केवल आत्म-नियंत्रण का मामला है : कम खाओ, ज्यादा चलो। लेकिन आधुनिक विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि वास्तविकता इससे अलग है। हमारे पूर्वजों का असर हजारों साल पहले हमारे मानव पूर्वजों के लिए शरीर की चर्बी जीवन रेखा थी- बहुत कम चर्बी से भूखमरी का खतरा, बहुत अधिक चर्बी से धीमी गति का खतरा। समय के साथ, मानव शरीर ने ऊर्जा भंडारण की रक्षा करने के लिए जटिल जैविक रक्षा तंत्र विकसित किए, जो दिमाग में जुड़े थे। आज, जब भोजन हर जगह उपलब्ध है और शारीरिक गतिविधि वैकल्पिक है, तो वही तंत्र वजन घटाना मुश्किल बनाते हैं। जब कोई व्यक्ति वजन घटाता है, तो शरीर इसे जीवन पर खतरे के रूप में देखता है-भूख वाले हार्मोन बढ़ते हैं, खाने की लालसा बढ़ती है और ऊर्जा खर्च घटता है। यह तंत्र कभी भूख और भोजन की अनिश्चितता में जीवन बचाने के लिए विकसित हुआ था, लेकिन आज यह चुनौती बन गया है। हमारा दिमाग भी वजन की रक्षा के लिए शक्तिशाली तंत्र रखता है और यह पुराने वजन को "याद" रख सकता है। इसका मतलब है कि यदि शरीर कभी भारी रहा है, तो दिमाग बाद में उसे सामान्य मानकर उसकी रक्षा करता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com




## बिहार चुनाव

दूसरे चरण में भी बंपर वोटिंग

# महिलाओं की लंबी कतार...

*पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 पूरा हो चुका है। मंगलवार को दूसरे व अंतिम चरण के तहत 122 सीटों पर हुए मतदान में शाम 6 बजे तक पहले चरण से ज्यादा 68 फीसदी मतदान दर्ज हुआ। यह आंकड़ा 70 फीसदी से ज्यादा जाने का अनुमान है। इस चरण में भी मतदाताओं का उत्साह चरम पर रहा। सीमांचल के इलाकों में मतदाताओं की लंबी कतारें सुबह से ही देखने को मिली। महिला मतदाताओं की भागीदारी इस चरण में भी उल्लेखनीय रही। कई मतदान केंद्रों पर महिलाओं की कतारें पुरुषों से लंबी देखी गईं। इस चरण की एक और खास बात यह है कि इसमें कई बॉर्डर इलाकों नेपाल, झारखंड और पश्चिम बंगाल से सटे जिलों में वोटिंग हुई।*



नवादा

फस्ट टाइम वोटर



जीतनराम मांझी



प्रशांत किशोर



शहनवाज हुसैन



राजेश राम



पप्पू यादव



जहानाबाद



दिलीप जायसवाल



किशनगंज

## लालकिला के पास हुआ था सोमवार को धमाका

रातभर डर से कांपता रहा दिल्ली ब्लास्ट का चश्मदीद

# 'शव का लोथड़ा मेरी बाइक के पास पड़ा था...'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली के सीलमपुर में रहने वाले मनोहर (उम्र 40 साल) कल रात घर लौटकर जब भी आंखें बंद करते हैं तो वही मंजर घूम जाता है — कान फाड़ देने वाली आवाज, धुएं में लिपटी चीखें और कुछ कदम दूर, ज़मीन पर पड़ा मानव शरीर का एक लोथड़ा. मनोहर रातभर बस यही सोचते रहे किस्मत ने बस कुछ इंच की दूरी से मौत को लौटा दिया। उन्होंने बताया, 'हर सोमवार की तरह 10 नवंबर को भी मैं चांदनी चौक के गौरी शंकर मंदिर गया था। भीड़ थी, कदम थक चुके थे उस वक्त लगा था काश, लाइन थोड़ी छोटी होती. पर अब सोचता हूं - वही लंबी लाइन मेरी जिंदगी की ढाल बन गई। अगर कुछ मिनट पहले दर्शन हो गए होते, तो शायद मेरा नाम भी मरने वालों की लिस्ट में होता।' बता दें, दिल्ली आतंकी धमाके में अब तक 12 लोग जान गंवा चुके हैं, वहीं दो दर्जन घायल हैं। मनोहर ब्लास्ट के वक्त चांदनी चौक में ही थे। उन्होंने पूरी आंखों देखी बयां की।

शादी सीजन की वजह से थी भारी भीड़





मनोहर शाम छह बजे के आस-पास चांदनी चौक पहुंच गए थे। उन्होंने बताया, 'आमतौर पर सोमवार को इतना जाम नहीं रहता लेकिन सोमवार को शादी सीजन के चलते देर से मंदिर पहुंचा वहां भी टाइम लगा। मंदिर में दर्शन करके जैसे ही मैं सीढ़ियों से नीचे उतरा, कान फाड़ देने वाली आवाज आई।..और पलभर में चारों तरफ धुआं भर गया।' बस चीखें, और बदहवास दौड़ते-भागते लोग. जब धुआं थोड़ा छंटा, तो मनोहर की नजर अपनी बाइक पर पड़ी — गौरी शंकर मंदिर के बाहर खड़ी उसी बाइक के पास, टायर के बिल्कुल बगल में, इंसानी मांस का लोथड़ा पड़ा था। उसे देखकर तो जैसे मनोहर के शरीर का सारा खून सूख गया हो. कांपते हाथों से मनोहर जैसे-तैसे बाइक संभालते हुए घर पहुंचे।

## आतंकी मसूद की बहन ने सौंपी थी शाहीन को 'महिला विंग' की कमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट की जांच के बीच अब सामने आया है आतंकी नेटवर्क का नया और खतरनाक चेहरा- जैश-ए-मोहम्मद का महिला विंग। सुरक्षा एजेंसियों ने फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. शाहीन शहीद को लेकर बड़ा खुलासा किया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि डॉ. शाहीन को भारत में जैश-ए-मोहम्मद के महिला संगठन 'जमात-उल-मोमिनीन' की कमान सौंपने का जिम्मा दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, शाहीन का काम भारत में महिलाओं की भर्ती, ब्रेनवॉश और ऑपरेशन नेटवर्क तैयार करना था। यह नेटवर्क सोशल मीडिया के ज़रिए धीरे-धीरे विस्तार पा रहा था और स्थानीय समर्थकों की मदद से जमीनी स्तर पर काम शुरू भी हो चुका था।

IFFCO **किसान भाइयों से अपील**

International Year of Cooperatives 2025

किसान भाइयों, इफको के उन्नत नैनो उत्पाद—नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, आदि—किसी दबाव या अनुचित टैगिंग के प्रभाव में न खरीदें। स्वेच्छा से खरीदें; दबाव डालने पर तुरंत इफको के क्षेत्रीय अधिकारी या जिला कृषि अधिकारी को शिकायत करें या फिर दिए गए टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। आपकी सतर्कता हमारी साझा समृद्धि सुनिश्चित करती है। हम सूचित करते हैं की यदि कोई भी विक्रेता सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ टैगिंग करते हुए पाया गया तो इफको उसके साथ सभी प्रकार के व्यवसायिक संबंध समाप्त कर देगी और कड़ी कार्यवाही करेगी।

टोल फ्री न. : 1800 103 1967

मुख्य प्रबंधक
जनसम्पर्क

## अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

दीया फंड

## आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

**दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्टूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।**




## आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (**https://udgam.rbi.org.in**) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए **https://rbikehtahai.rbi.org.in** देखिए
प्रतिक्रिया के लिए **rbikehtahai@rbi.org.in** पर लिखिए

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

**आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935**

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू

# चुनाव आयोग से मांगा गया जवाब

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण के ऐलान के बाद से कई राज्यों में विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। डीएमके, सीपीआईएम, पश्चिम बंगाल कांग्रेस, टीएमसी ने चुनाव आयोग के खिलाफ याचिका लगाकर प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। इन्हीं को लेकर चुनाव आयोग से सुप्रीम कोर्ट ने दो सप्ताह में जवाब मांगा है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को डीएमके, सीपीआई(एम), कांग्रेस की पश्चिम बंगाल यूनिट और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की याचिकाओं पर चुनाव आयोग (ईसी) से अलग-अलग जवाब मांगा है। इन राजनीतिक दलों की ओर से दायर याचिका में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती दी गई है।



- कई राज्यों में शुरू हो गई है यह प्रक्रिया

### विपक्ष का आरोप

विपक्षी दलों के याचिका में कहा गया कि एसआईआर प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 (समानता का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जीवन का अधिकार) का उल्लंघन करती हैं डीएमके का आरोप है कि यह प्रक्रिया लाखों वास्तविक मतदाताओं को मनमाने ढंग से मतदाता सूची से बाहर करने का कारण बन सकती है। बता दें कि 27 अक्तूबर 2025 और फरवरी 2026 के बीच 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का ऐलान किया गया था। जिन राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुई है, उनमें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मप्र शामिल हैं।

# पाकिस्तान के जिला कोर्ट में सुसाइड अटैक

## 12 की मौत, 27 घायल

एजेंसी ▸▸| इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के पास मंगलवार को दोपहर 1 बजे जोरदार धमाका हुआ। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 12 लोगों की मौत हुई, जबकि 27 घायल हुए हैं। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि यह पुलिस लाइन्स हेडक्वार्टर तक सुनी गई, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। हादसे के तुरंत बाद रेस्क्यू टीम और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धमाका अदालत के पार्किंग एरिया में खड़ी गाड़ियों के पास हुआ। विस्फोट से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए सुरक्षा एजेंसियां और बम निरोधक दस्ता मलबे की जांच कर रहे हैं।

- आत्मघाती हमलावर का 'सिर' घटनास्थल पर मिला

### अदालत परिसर को धमाके के बाद खाली कराया गया

धमाके के समय कोर्ट हाउस इलाके में भारी ट्रैफिक था, जिसके कारण आसपास खड़े कई लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया। धमाके के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। अदालत परिसर को खाली करा लिया गया, वकीलों, न्यायाधीशों और अन्य नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। न्यायिक परिसर के पीछे से लोगों को बाहर जाने की अनुमति दी गई, जबकि न्यायाधीशों को भी वहां से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया।

सभी चार श्रेणियों में हासिल की शीर्ष उपलब्धि

# डीपीआईआईटी की बीआरएपी रैंकिंग में छत्तीसगढ़ का जलवा

## उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन का गोयल ने किया सम्मान

**नई दिल्ली।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा आयोजित उद्योग समागम में छत्तीसगढ़ भारत के अग्रणी व्यावसायिक सुधार स्थलों में से एक के रूप में उभरा है। भारत सरकार के डीपीआईआईटी द्वारा जारी व्यावसायिक सुधार कार्य योजना (बीआरएपी) के तहत राज्य को सभी चार प्रमुख व्यावसायिक सुधार श्रेणियों में शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वाले राज्य के रूप में मान्यता दी गई है। इन उपलब्धियों के सम्मान में, छत्तीसगढ़ सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन और छत्तीसगढ़ सरकार की निवेश आयुक्त रितु सैन (आईएएस) को राज्य के अनुकरणीय प्रदर्शन और सुधार-संचालित प्रगति के लिए माननीय केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा सम्मानित किया गया।



### बदलाव का प्रतीक है यह उपलब्धि

इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कहा, यह उपलब्धि एक उल्लेखनीय बदलाव का प्रतीक है - केवल तीन साल पहले, छत्तीसगढ़ बीआरएपी मूल्यांकन में सबसे निचले पायदान पर था। आज, यह भारत के अग्रणी औद्योगिक राज्यों जैसे गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। जो आर्थिक परिवर्तन और व्यावसायिक विकास को गति देने वाले एक गतिशील राज्य के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि करता है।



# रीति रिवाज के निर्वहन में मांदी भात

परम्परा
कृष्ण कुमार पटेल



छत्तीसगढ़ में कोनो रीति रिवाज के निर्वहन में समाज या जाति में मांदी भात खवाय के अलग अलग परम्परा हे। हमर पुरखा मन जेन विधान बनाय हे वोकर पालन करत हर नेग न निभाए के प्रयास होवत रहिथे। इही कड़ी में हर समाज के मांदी भात खवाय के रिवाज ल देखथन। कोनो समाज में पतरी रेंगाए के बाद सबले पहली मिर्चा के बुकनी चटनी देथे तेकर पाछू रोटी कलेवा अऊ साग भात परोसथे। मांदी म जेवन पोरसाय के बाद कोनो समाज होय अपन कुल देवी देवता के बंदगी करके जेवन शुरू करथे। अलग अलग समाज में अलग अलग कलेवा के जादा महत्तम हे। लाड़ू, बरा, सोहारी तो सब समाज में चलथे। फेर कोनो समाज में बोरे बरा जरूरी होथे। ए कलेवा पोरसाथे तभे कुटुम्ब ह मांदी भात खाथे। मछरी मरइया समाज में मांदी म मछरी तो नी रांधे फेर मांदी म मिर्चा पोरसइया ले चिंगरी लेव कहत जाथे। आदिवासी संस्कृति में मन तरपी भात घलो खवाय के रिवाज हे, जेमा मंद पियाय के पाछु जेवन पोरसाय जाथे। हर समाज में बर बिहाव, मरनी, पूजा पाठ आऊ सुख दुख के काम कारज में मांदी भात खवाय के रिवाज हे। बेरा के साथ येहु में बदलाव देखे जावत हे, फेर अपन संस्कृति संग परम्परा के उचित निर्वहन के जिम्मेदारी हम सब झन के हे।

लोक साहित्य
नरेंद्र देव वर्मा

## प्रभावी लोक गाथाओं में रायसिंग का पंवारा



छत्तीसगढ़ में लोक गाथाओं का समृद्ध इतिहास रहा है, जिसमें अनेक लोक गाथाओं को आज भी स्मरण किया जाता है। ढोला मारू, लोरिक चंदा, कल्याण साय की गाथा, फुलकुंवर की गाथा, देवी गाथा के अलावा अनेक गाथा आज भी प्रचलित हैं। इन्हीं में एक है -रायसिंग का पंवारा। रायसिंग की गाथा में रायसिंग के संबलपुर अभियान का वर्णन मिलता है। पराक्रमी और शूरवीर राजा रायसिंग संबलपुर राज्य को जीतने के लिए रतनपुर राज्य और उसकी अन्य शाखाओं की सेना को लेकर खरौद, शिवरीनारायण, भटगांव, किकिरदा और सारंगढ़ मार्ग होते हुए संबलपुर जाने का अभियान करता है। इसी बीच रास्ते में रायसिंग की सेना की रसद खत्म हो जाती है। वह अपने सिपाहियों को भटगांव के राजा पर आक्रमण करने के लिए कहता है। भटगांव का राजा शूरवीर था। कोकराय लक्ष्मी नारायण उर्फ लच्छू नेगी विजय का बीड़ा उठाता है और अपनी हजारों हथियार से युक्त सैनिकों को लेकर भटगांव पर चढ़ाई कर देता है। बूढ़ा मानसिंह अपनी बेटी दुलमदेई के साथ जमकर मुकाबला करता है और अंत में सेनाविहीन होने के कारण बिलाईगढ़ से भाग निकलने में सफल होता है। इस गाथा में किकिरदा के किले के टूटने का भी वृतांत मिलता है। छत्तीसगढ़ की विभिन्न रियासतों के राजाओं और देवी देवताओं के नाम भी इस गाथा को ऐतिहासिकता प्रदान करते हैं।

गांव की कहानी
विजय शर्मा

## कंद मूल की अधिकता के कारण गांव का नाम कांदा देवरी



छत्तीसगढ़ की ओड़िशा सीमा पर गौरा गढ़ पर्वत के किनारे से जोंक नदी बहती है। पहले जोंक नदी के किनारे लाल कंद मूल और फल अधिक मात्रा में मिलते थे। जोंक की सहायक नदी कांदाजरी है। इन दोनों नदी के संगम पर खरियार रोड बसा है। जोंक और कांदाजरी नदी तट पर अनेक प्राचीन नगर विजिट बसे थे, जो किन्हीं कारणों से भूगर्भ में समा गए। कहीं कहीं अब भी अवशेष उपलब्ध होते हैं। उनमें बृंदावन, खेमड़ा, नर्रा, करीडीह, टेमरी, सिम गांव, खुडमुडी और बिरजापाली में मिले पुरावशेष मिलते हैं। महाभारत काल में जोंक नदी के तट पर पांडव पुत्रों ने कुछ समय बिताया था। ग्रामीण मानते हैं कि यहां के नकटा पारा में भीमदहरा, जोंक नदी के तट पर बसा कारागुला में भीम सहित सभी भाईयों के साथ माता कुंती पधारी थीं। इस जन मान्यता के अनुसार भीमसेनी एकादशी पर भव्य झांकी एवं मेले का आयोजन होता है। डीही टेमरी में निषाद एवं गोंड समाज द्वारा भीम सेनी मेला का आयोजन करते हैं। जोंक नदी के तट पर स्थित ग्रामों की अपनी अलग अलग मान्यताएं हैं जो अपने अनुसार मेले का आयोजन करते हैं। जोंक नदी को यहां के लोग जीवन दायिनी मानते हैं, जिसे पलासिनी माता के नाम से भी जाना जाता है।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

लोक नाट्य
पुष्पांजलि दास

# अंचल के प्रमुख लोक नाट्य उत्सुकता से आज भी देखे जाते हैं



छत्तीसगढ़ी नाट्य साहित्य एक ओर जहां लोक नाट्य परम्परा को संजोकर रखता है, वहीं दूसरी ओर हिन्दी नाटकों से भी अवलंबित है। वस्तुतः नाटक और एकांकी अभी शैशव अवस्था में है। छत्तीसगढ़ी नाट्य के भागीरथी पंडित लोचन प्रसाद पाण्डेय लिखित कलिकाल से छत्तीसगढ़ी नाट्य की शुरुआत हुई। डा. खूबचंद बघेल रचित करम छड़हा, केयूर भूषण रचित सोना कैना, प्रेम साइमन कृत गम्मतिहा, दशमत कैना और घर कहां हे, शकुन्तला कृत चूरी, जनरैल सिंह कृत बेटवा बिहाव, किसान के कल्लई, टिकेंद्र टिकरिहा कृत सौ नाटकों में साहूकार ले छुटकारा, गवैया, सऊत के डर, नवा बिहान और देवार डेरा प्रमुख है। लखन लाल गुप्त कृत बेटी के मंसूबा और बर के खोज में, नारायण लाल परमार कृत मतवार, कपिलनाथ कश्यप कृत अंधियारी रात, पूजा के फूल और गुरावट बिहाव है। द्वितीय उत्थान काल में समय के अनुसार नाटक व नाटककारों की संख्या में वृद्धि हुई। छत्तीसगढ़ी नाटक में काव्य नाटिका भी लिखी गई, जिसमें जीवन यदु द्वारा लिखित ऐसनेच रात पहाही एक उच्च कोटि की काव्य नाटिका है। ठीक इसी तरह नुक्कड़ नाटक लेखन में सुरेन्द्र दुबे द्वारा लिखित दो पांव का आदमी और पीरा सम्मिलित है। छत्तीसगढ़ी नाटकों में समसामयिक विषयों के अनुसार अलग अलग प्रकार के नाटककारों ने अनेक नाटकों की रचना की, जिसमें हास्य व्यंग्य से से संबंधित विषय भी सम्मिलित है।



लोकगीतः बिहारी लाल तारम

# आंचलिक लोकगीतों में नारी के विविध स्वरूप

छत्तीसगढ़ में नारियों की जीवन शैली सीधी साधी गाय के समान मानी जाती है। माता पिता द्वारा उनका संबंध जिस किसी के साथ जोड़ दिया जाता है उसे वह अपना कर्तव्य समझकर जीवन भर साथ निभाने के लिए तैयार हो जाती है। ससुराल में वह पति की सेवा को सबसे बड़ा धर्म समझती है। नारी स्वभाव से ही संकोचशील होती हैं, फिर ससुराल का अनुशासन भी अलग होता है। वहां नारी के लिए मर्यादा की निश्चित सीमा होती है। पहले समय में विवाह के बाद पुरुष को धनाभाव के कारण कमाई के लिए परदेश जाना पड़ता था, तब उनकी पत्नी कुटुंब में रहकर सास ससुर, देवर, ननद, जेठानी और सारे रिश्ते नाते को निभाते हुए गृहस्थी का बोझ उठाती हैं। संयुक्त परिवार में कभी कभी परिस्थितिवश इन रिश्तों में खटपट भी हो जाती थी, जिसके कारण वियोगिनी को ससुराल का जीवन कष्टप्रद लगने लगता था। नारी अपने सुख की घड़ियों को तमाम रिश्तेदारों में सहर्ष बांट लेती हैं, पर विडंबना यह है कि अपने दुख को किसी से कह नहीं पति। अपने अंतस की पीड़ा को गीतों के माध्यम से अभिव्यक्त करती हैं, जिनमें सुआ गीत और नृत्य प्रमुख है।लोक नाट्य नाचा के जनाना गीत की पंक्तियों में इसका उल्लेख मिलता है -



अई... हो....नारी मन बर...
पति सेवा हे वो दाई...
नारी मन बर पति सेवा हे ना...
मनखे मन बर...
लखन देवता हे दाई....
नारी मन बर पति सेवा हे ना...।

धार्मिक
कमलेश यादव

## रामायणकालीन साक्ष्य बाघेश्वरनाथ मंदिर में





भगवान राम वन गमन के दौरान आरंग नदी के किनारे अपने ईष्टदेव की पूजा करने के लिए रेत से शिवलिंग निर्मित किए थे। उनकी इस स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए शिवलिंग स्थल पर ही बाघेश्वर शिव मंदिर बनाया गया है। यह एक प्राचीन शिव मंदिर है। मंदिर की प्रायः सभी दीवारें स्तंभों पर टिकी हैं, जिन पर योगिनी का अंकन देखी जा सकती है। इस मंदिर के द्वार पर चार स्तंभ हैं। मंदिर के पश्चिम भाग में जैन साधक की मूर्ति है जिसे मां पार्वती के रूप में पूजते हैं। मुख्य द्वार के दोनों ओर बाघ की प्रतिमा होने के कारण इसे बाघ देवल मंदिर कहा जाता है। रथ शैली में निर्मित इस मंदिर का शीर्ष भाग लगभग 60 फीट ऊंचा है। इस मंदिर का आकलन करने पर पता चलता है कि यहां जैन धर्म का प्रभाव प्राचीन काल से रहा है, इसके साथ ही आरंग में जैन तीर्थकर की ओर भी प्रतिमाएं स्थापित हैं।

सुरताः आर. के. बेहार

# फुलझर राज के जमींदार ठाकुर गिरिराज सिंह का कार्यकाल अविस्मरणीय रहा

**छत्तीसगढ़ में फुलझर राज्य में सातवीं पीढ़ी के छठवें जमींदार ठाकुर गिरिराज सिंह थे। आपका जन्म लगभग 1880 में बड़े ठकुराइन के गर्भ से हुई। आपकी शिक्षा दीक्षा दादा ठाकुर उमराव सिंह तथा पंडित गजाधर प्रसाद के देखरेख में हुई। आपको अंग्रेजी शिक्षा के लिए रायपुर लाया गया। आपको अंग्रेजी, संस्कृत और उड़िया का अच्छा ज्ञान था, इस कारण अंग्रेजी हुकूमत में आपकी अच्छी पकड़ रही।**

31 वर्ष की उम्र में सुअरमार गढ़ की आपने जिम्मेदारी संभाली। आपको प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट का दर्जा प्राप्त था। आपके कार्यकाल में कचहरी रिकार्ड रुम, पुलिस चौकी बनी जिसमें स्थानीय सिपाहियों के साथ ब्रिटिश टुकड़ी सहायता के लिए उपलब्ध थी। वे एक लोकप्रिय शासक होने के साथ ही बहादुर सेना नायक भी थे। आपके कार्यकाल में दरबार के अलावा कचहरी लगती थी। न्याय पाने अनेक मामले सामने आने लगे, कानून की धारा के महत्व को समझा जाने लगा। पहले महल को आधुनिक स्वरूप आपने प्रदान किया, तथा सुख सुविधा युक्त बनाया। वे हाथी में सवारी करते थे तथा अच्छे तलवारबाज और घुड़सवार थे। आपको संगीत और शिकार का भी शौक था। धार्मिक प्रवृत्ति होने के कारण महादेव में पूजा अर्चना की शुरुआत के साथ ही प्राचीन स्थल को पहचान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए रसनी से चंद्राकर परिवार को सुअरमार जमींदारी लाने का श्रेय आपको है। संगीत और कला को बढ़ावा देने में आपने कोई कमी नहीं की। इस जमींदार के शासन काल में विकास के अनेक आयाम का लाभ जनता को मिलता रहा। बाग बगीचे, वनोपज उत्पादन, स्कूल, अस्पताल, आश्रम बनवाया। इस तरह आपका कार्यकाल अविस्मरणीय रहा।



# इंडियन मार्केट्स के आने वाले हैं अच्छे दिन, विदेशी ब्रोकरेज फर्मों की सोच बदली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन मार्केट्स के बुरे दिन अब खत्म हो चुके हैं। अब इंडियन मार्केट्स के अच्छे दिन आने वाले हैं। दरअसल, इंडियन मार्केट्स के बारे में विदेशी ब्रोकरेज फर्मों की सोच बदलती दिख रही है। उनका मानना है कि इंडियन मार्केट्स में हालात बदलने जा रहे हैं। बाजार करीब एक साल के कंसॉलिडेशन से बाहर निकलने को तैयार है।

पिछले साल अक्टूबर में इंडियन मार्केट्स में गिरावट शुरू हुई थी। बीच-बीच में आई हल्की तेजी को छोड़ दिया जाए तो इस दौरान बाजार का सेंटीमेंट कमजोर रहा है। बीते एक साल में सेंसेक्स का रिटर्न सिर्फ 5.5 फीसदी रहा है, जबकि निफ्टी ने 6.48 फीसदी का रिटर्न दिया है। यह ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन के स्टॉक मार्केट्स के रिटर्न से बहुत कम है। एचएसबीसी ने कहा है कि इंडियन फाइनेंशियल मार्केट्स अट्रैक्टिव दिख रहे हैं। एचएसबीसी के एनालिस्ट्स ने भारतीय स्टॉक पर 'ओवरवेट' की पोजीशन की सलाह दी है। उनका कहना है कि अब इंडियन कंपनियों के शेयरों में चाइनीज स्टॉक्स के मुकाबले बेहतर वैल्यू दिख रही है। ब्रोकरेज फर्म ने इंडियन स्टॉक मार्केट्स को 'अच्छा एआई हेज' बताया है। उसका कहना है जो इनवेस्टर्स ग्लोबल मार्केट्स में एआई की वजह से आई तेजी से चिंतित हैं, वे इंडियन मार्केट्स में इनवेस्ट कर सकते हैं।

## बाजार करीब एक साल के कंसॉलिडेशन से बाहर निकलने तैयार

### अगले साल के अंत तक सेंसेक्स 94000 पर होगा

एचएसबीसी ने 2026 के अंत तक सेंसेक्स के 94,000 पर पहुंच जाने का अनुमान जताया है। इसका मतलब है कि सेंसेक्स एक साल में करीब 13 फीसदी चढ़ सकता है। इसका मतलब है कि शेयरों में निवेश बनाए रखने वाले इनवेस्टर्स को अगले एक साल में अच्छा रिटर्न मिल सकता है। बीते एक साल में इंडियन मार्केट्स के रिटर्न से इनवेस्टर्स निराश हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह निराशा अब खत्म होने वाली है। इनवेस्टर्स को आगे धैर्य का बड़ा फायदा मिलने जा रहा है।




### गोल्डमैन सैक्स ने भी किया अपग्रेड

*गोल्डमैन सैक्स ने भी भारतीय स्टाक मार्केट को 'न्यूट्रल' से अपग्रेड कर 'ओवरवेट' कर दिया है। इसे इंडियन मार्केट्स को लेकर ब्रोकरेज फर्म की सोच में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। ब्रोकरेज फर्म ने 2026 के अंत तक निफ्टी 50 के 29,000 पर पहुंच जाने की उम्मीद जताई है। इसका मतलब है कि निफ्टी में अगले एक साल में करीब 13-14 फीसदी की तेजी देखने को मिल सकती है। गोल्डमैन सैक्स का मानना है कि इंडियन मार्केट्स का प्रदर्शन आगे बेहतर रहने की कई वजहें हैं।*

## उद्योग मंडल एसौचैम ने जारी रिपोर्ट में कहा

# भारत के 86 प्रतिशत किसान कृषि प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण की पहुंच से बाहर : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को प्रौद्योगिकी से अभी भी अछूते अधिकांश किसानों तक पहुंचने के लिए खंडित कृषि नवाचार से हटकर राज्य-स्तरीय परीक्षण मंच और एकीकृत डेटा ढांचे के माध्यम से प्रणालीगत एकीकरण की ओर बढ़ना होगा। उद्योग मंडल एसोचैम की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। उद्योग निकाय ने कहा कि 86 प्रतिशत किसान अभी भी अधिकांश कृषि-प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण की पहुंच से बाहर हैं, और प्रौद्योगिकी के सत्यापन, व्यावसायीकरण और छोटे किसानों तक उनकी पहुंच के तरीके में मूलभूत परिवर्तन की आवश्यकता है।

**एकीकृत डेटा ढांचे के माध्यम से एकीकरण की ओर बढ़ना होगा**

## छोटे किसानों तक अभी तक इसकी पहुंच नहीं हो पाई

### भविष्य के लिए कृषि प्रणाली विकसित करनी होगी

रिपोर्ट में कहा गया, "भविष्य के लिए तैयार कृषि प्रणाली की ओर भारत की यात्रा इस बात से परिभाषित होगी कि वह प्रौद्योगिकी को समावेशन के साथ, डेटा को निर्णय लेने के साथ और नवाचार को प्रभाव के साथ कितनी प्रभावी ढंग से एकीकृत करता है।" एसोचैम की रिपोर्ट में वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों में प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए सहयोगी परीक्षण स्थल के रूप में काम करने को राज्य-स्तरीय कृषि-तकनीकी सैंडबॉक्स स्थापित करने की सिफारिश की गई है। प्रस्तावित सैंडबॉक्स सरकारी एजेंसियों, स्टार्टअप और अनुसंधान संस्थानों को पूर्ण पैमाने पर तैनाती से पहले समाधान को सत्यापित करने के लिए एक साथ लाएंगे।



### 700 से ज्यादा केवीके के बावजूद विकास नहीं

रिपोर्ट में कहा गया है कि 90 से ज़्यादा आईसीएआर संस्थान, 60 राज्य कृषि विश्वविद्यालय और 700 से ज़्यादा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) होने के बावजूद, भारत में उभरती कृषि प्रौद्योगिकी के परीक्षण के लिए एक एकीकृत प्रणाली का अभाव है।

**प्रत्येक सैंडबॉक्स राज्य कृषि विभागों में स्थापित हो**

प्रत्येक सैंडबॉक्स राज्य कृषि विभागों के भीतर स्थापित होगा, जिसमें आईसीएआर संस्थानों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और नाबार्ड सहित संबद्ध विभागों और भागीदारों की हिस्सेदारी होगी। कृषि मंत्रालय और नीति आयोग की सह-अध्यक्षता वाली एक राष्ट्रीय संचालन समिति शासन और वित्तपोषण की देखरेख करेगी।

### विकास सत्यापित डेटा पर निर्भर करता है

रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि डेटा वर्तमान में अलग-अलग जगहों पर मौजूद है - आईसीएआर और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के साथ अनुसंधान परीक्षण, राज्य विपणन बोर्ड के साथ बाजार डेटा और निजी कृषि-तकनीक स्टार्टअप के साथ कृषि-स्तरीय डेटा। यह विखंडन उन अत्याधुनिक नवोन्मेषण के विकास को सीमित करता है जो सत्यापित डेटा पर निर्भर करते हैं।

### कृषि डेटा कॉमन्स की स्थापना का आह्वान

एसोचैम ने एफएओ द्वारा अनुशंसित सिद्धांतों पर आधारित एक 'कृषि डेटा कॉमन्स' की स्थापना का आह्वान किया, जिससे डेटा खोजने योग्य, सुलभ, अंतर-संचालन योग्य और पुनः प्रयोज्य हो सके। रिपोर्ट में विश्व आर्थिक मंच के साथ विकसित तेलंगाना के कृषि डेटा एक्सचेंज (एडीईएक्स) को सुरक्षित, मानक-संचालित डेटा साझाकरण के एक मॉडल के रूप में उद्धृत किया गया है।

# टाटा पावर भूटान में लगाएगी पनबिजली परियोजना

## परियोजना पर होगा 1572 करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा समूह की एकीकृत बिजली कंपनी टाटा पावर ने मंगलवार को कहा कि वह एक विशेष उद्देश्यीय इकाई में 40 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए 1,572 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह इकाई भूटान में 13,100 करोड़ रुपये के निवेश से 1,125 मेगावाट की दोरजिलुंग जलविद्युत परियोजना स्थापित करेगी।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह अधिग्रहण एक या एक से अधिक चरणों में किया जाएगा, जिसके लिए कंपनी और भूटान स्थित ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन लि. (डीजीपीसी) के बीच एक शेयरधारक समझौता किया जाएगा।विशेष उद्देश्यीय इकाई (एसपीवी) का अभी गठन होना बाकी है। यह अधिग्रहण संबंधित पक्ष लेनदेन के अंतर्गत नहीं आएगा।




हालांकि, सूचना में कहा गया है कि अधिग्रहण के बाद, एसपीवी टाटा पावर की एक सहयोगी कंपनी और परिणामस्वरूप एक संबंधित पक्ष बन जाएगी। एसपीवी 13,100 करोड़ रुपये की लागत से दोरजिलुंग जलविद्युत परियोजना का विकास करेगी। यह परियोजना कंपनी को स्वच्छ और हरित ऊर्जा की ओर अपने कदम बढ़ाने में मदद करेगी।

### पहला चरण होगा छह माह में पूरा

शेयरधारकों के समझौते में तय नियमों और शर्तों के अनुसार, पहला चरण छह महीने के भीतर पूरा हो जाएगा। एक या एक से अधिक चरणों में 40 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया जाएगा। इसकी लागत लगभग 1,572 करोड़ रुपये है। इसका भुगतान नकद में किया जाएगा।

## खबर संक्षेप




### सेल्सफोर्स की स्मार्टब्रिज कंपनी के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** क्लाउड कंप्यूटिंग फर्म सेल्सफोर्स ने मंगलवार को शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी स्मार्टब्रिज के साथ साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत एक राष्ट्रव्यापी एआई कौशल पहल शुरू की जाएगी। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षा और उद्योग जगत के शिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और 2026 के अंत तक एक लाख लोगों को कृत्रिम मेधा (एआई) के बारे में सिखाया जाएगा। इसके लिए सेल्सफोर्स के मुफ्त ऑनलाइन शिक्षण मंच 'ट्रेलहेड' का उपयोग किया जाएगा। एक बयान के अनुसार सेल्सफोर्स के निःशुल्क ऑनलाइन शिक्षण मंच के जरिये यह कार्यक्रम शिक्षार्थियों को विशेषज्ञ सत्रों और स्वयं सीखने के व्यावहारिक अनुभव देगा।

### हिंदुस्तान कॉपर के मुनाफे में 85 फीसदी का उछाल




**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान कॉपर का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ करीब 85 प्रतिशत बढ़कर 186.02 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में मुनाफा 101.67 करोड़ रुपये रहा था। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी आय सालाना आधार पर 550.05 करोड़ रुपये से बढ़कर 728.95 करोड़ रुपये हो गई। व्यय 480.32 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 414.73 करोड़ रुपये था। खान मंत्रालय के तहत आने वाली हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड तांबा अयस्क की खोज, खनन एवं परिशोधन का कार्य करती है और तांबा सांद्र का उत्पादन तथा बिक्री करती है।

### बजाज फिनसर्व का शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बजाज फिनसर्व का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत बढ़कर 2,244 करोड़ रुपये हो गया। इस प्रमुख निवेश कंपनी का एक साल पहले इसी तिमाही में मुनाफा 2,087 करोड़ रुपये रहा था। बजाज फिनसर्व ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल एकीकृत आय सालाना आधार पर 33,704 करोड़ रुपये से बढ़कर 37,403 करोड़ रुपये हो गई। ब्याज आय 19,599 करोड़ रुपये रही जबकि पिछले वर्ष समान तिमाही में यह 16,572 करोड़ रुपये थी। पुणे मुख्यालय वाली कंपनी का कुल व्यय सालाना आधार पर 27,741 करोड़ रुपये से बढ़कर 30,581 करोड़ रुपये हो गया। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी अनुषंगी कंपनी बजाज जनरल इंश्योरेंस का लाभ पांच प्रतिशत बढ़कर 517 करोड़ रुपये हो गया।

### एक्मे सोलर को एसजेवीएन से हरित ऊर्जा आपूर्ति का ऑर्डर



**नई दिल्ली।** एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एक्मे सोलर होल्डिंग्स लि. को सार्वजनिक क्षेत्र की एसजेवीएन से 450 मेगावाट/1,800 मेगावाट घंटा की भरोसेमंद नवीकरणीय ऊर्जा आपूर्ति के लिए परियोजना मिली है। एक्मे सोलर ने मंगलवार को बयान में कहा कि यह एफडीआरई परियोजना 25 वर्षों के लिए 6.75 रुपये प्रति यूनिट की दर पर प्राप्त हुई है। एफडीआरई परियोजना ऊर्जा भंडारण प्रणाली से जुड़ी भरोसेमंद और पारेषण योग्य हरित ऊर्जा है।

## दीक्षांत समारोह में आचार्य बालकृष्ण मानद उपाधि से सम्मानित




**हरिद्वार।** उत्तराखंड के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय यूपीईएस (यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज) के स्कूल ऑफ बिजनेस के 23वें दीक्षांत समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने शिरकत की।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी - मानद उपाधि) से सम्मानित किया। अपने संबोधन में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि सेवा में निरंतरता, समर्पण और संलग्नता ही हमारी वास्तविक शक्ति है। उन्होंने बताया कि स्वामी रामदेव के मार्गदर्शन में पतंजलि परिवार सेवा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार कर रहा है। यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने कहा कि मानवता की सेवा में आचार्य का योगदान प्रेरणादायक है। उनके नेतृत्व में पतंजलि मॉडल आज देश का अग्रणी व्यवसाय मॉडल बन चुका है, जो भारतीय परंपराओं और ग्राहकों के विश्वास पर आधारित है। उन्होंने विश्वास जताया कि स्नातक विद्यार्थी आचार्य से प्रेरणा लेकर नव ऊर्जा के साथ अपने जीवन की नई शुरुआत करेंगे।

## हुडको के लाभ में तीन प्रतिशत का इजाफा

**नई दिल्ली।** हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको) ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ तीन प्रतिशत बढ़कर 710 करोड़ रुपये हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र की इस कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 689 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। हुडको ने शेयर बाजार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 2,526 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,251 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी ने दूसरी तिमाही में 3,197 करोड़ रुपये की ब्याज आय अर्जित की, जो एक साल पहले 1,844 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान खर्च भी बढ़कर 2,296 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,526 करोड़ रुपये था।

# सेंसेक्स 336 अंक ऊपर चढ़ा, निफ्टी 25,700 अंक के करीब

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ। दोनों मानक सूचकांक में बीएसई सेंसेक्स 336 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,700 अंक के करीब पहुंच गया। भारत, अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के बीच सेवाओं और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 411.32 अंक की गिरावट के साथ 83,124.03 अंक पर आ गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में 125.1 अंक टूटकर 25,449.25 अंक पर आ गया। हालांकि, दोनों मानक सूचकांकों ने अच्छी वापसी की और कारोबार के अंत में उल्लेखनीय बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 335.97 अंक बढ़कर 83,871.32 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 120.60 अंक चढ़कर 25,694.95 अंक पर रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, " दिल्ली विस्फोट के प्रभाव को लेकर चिंताओं के बीच घरेलू बाजार की शुरुआत हल्की रही। हालांकि, अमेरिकी सीनेट द्वारा विभिन्न विभागों में कामकाज ठप होने को समाप्त करने के लिए एक विधेयक पारित किए जाने से वैश्विक संकेतों के समर्थन से, बाजार में तेजी से सुधार हुआ और यह लाभ के साथ बंद हुआ।"



### इन शेयरों में रहा लाभ

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., महिंद्रा एंड महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटर्नल, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मास्युटिकल्स, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, कोटक महिंद्रा बैंक, पावरग्रिड और टाटा स्टील शामिल हैं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विद्युत कार्य हेतु निविदा सूचना**

**निविदा संख्या.: टीआरडी-बीएसपी-291-25-26, दिनांक: 04.11.2025.**

**कार्यः** (1) बिलारापुर: बिलासपुर डिवीजन में सीआईसी सेक्शन पर भूमिगत केबल द्वारा 33 केवी ओवरहेड पावर लाइन क्रॉसिंग का संशोधन। (2) बिलासपुर डिवीजन में बैहाटोला–अंबिकापुर, बोरीडांड–चिरिमिरी और बिलासपुर यार्ड के बीच भूमिगत केबल द्वारा 33 केवी ओवर हेड पावर लाइन क्रॉसिंग का संशोधन। (3) बिलासपुर मंडल अंबिकापुर में वाशिंग पिट/कोचिंग मेंटेनेंस टर्मिनल का प्रावधान। **निविदा मूल्यः ₹ 3,10,86,685.05. अमानत राशिः ₹ 3,05,400.00.**

**निविदा जमा करने की तिथि: 26.11.2025 के 15:00** बजे तक।

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उससे डाउनलोड कर/देख सकते है।

*वरि.मंडल विद्युत अभियंता(क.वि.)/ बिलासपुर*
*सीपीआर/10/445*

South East Central Railway @secrail

## एडवांस इंटरनेशनल ग्रुप की 'सोलर क्रांति योजना' से अब जीवनभर मुफ्त बिजली

**रायपुर।** देश में बढ़ती बिजली दरों के बीच आम जनता को राहत देने के लिए एडवांस इंटरनेशनल ग्रुप ने प्रधानमंत्री सूर्य योजना के तहत 'सोलर क्रांति योजना' शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अब जीवनभर मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। कंपनी मात्र 5000 रु प्रति किलोवाट की दर पर सोलर सिस्टम बुक करने की सुविधा दे रही है। 2 किलोवाट का सोलर सिस्टम केवल 35,000 रु की शुरुआती लागत पर उपलब्ध है। बुकिंग करने वाले ग्राहकों को 20,000 से 5 लाख तक के गिफ्ट भी दिए जा रहे हैं, जिनमें स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेस शामिल हैं। ओटीपी डिस्काउंट स्कीम के तहत 3000 से 10,000 तक की ओटीपी पर विशेष छूट भी दी जा रही है। इसके साथ ही पीएम सूर्योदय योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को 1.28 लाख रुपए तक की सरकारी सब्सिडी प्राप्त होगी। एडवांस सोलर द्वारा लगाए जाने वाले सभी सोलर सिस्टम बीआईएस अप्रूव्ड हैं और इनमें 15 बस बार्स टेक्नोलॉजी, टफेंड ग्लास व आईपी68 वॉटरप्रूफ जंक्शन बॉक्स जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं।




# मैंने सेवानिवृति के बाद नया करियर अपनाया : अरुंधति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी बैंकर और सेल्सफोर्स साउथ एशिया की प्रमुख अरुंधति भट्टाचार्य ने मंगलवार को कहा कि क भी - क भी छंटनी बाजार में बदलाव के साथ तालमेल बिठाने वाले व्यवसायों का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है।

**■ हमें बदलाव से घबराने की जरूरत नहीं**

उन्होंने लोगों से नए कौशल को जोश के साथ अपनाने और सीखने का आग्रह किया, और कहा कि बदलावों से घबराने की जरूरत नहीं। भट्टाचार्य ने बताया कि उनके पिता ने 58 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होने के बाद आगे कोई काम न करने का फैसला किया, जबकि उन्होंने उस उम्र के बाद नए करियर के रास्ते अपनाए। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, "मेरे पिता 58 साल की उम्र में सेवानिवृत्त हुए। उनके पास कुछ और करने की ऊर्जा पहले ही खत्म हो चुकी थी। उस समय के मुकाबले मैं अब उनसे 12 साल बड़ी हूं, और मैंने अपने लिए एक करियर ढूंढ लिया है।"



### भट्टाचार्य एसबीआई का नेतृत्व करने वाली पहली महिला

भट्टाचार्य ने 2013 में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बनकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था। वह 2017 में एसबीआई से सेवानिवृत्त हुई और 2020 में क्लाउड आधारित सेवा प्रदाता सेल्सफोर्स इंडिया की चेयरपर्सन और सीईओ के रूप में एक नए करियर की शुरुआत की। व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

### छंटनी संगठनात्मक परिवर्तन का हिस्सा

भट्टाचार्य का मानना है कि भारत के पास एक बढ़त है, क्योंकि यहां के लोग बदलाव को स्वीकार करने और खुद को अनोखे ढंग से फिर से प्रशिक्षित करने के लिए तैयार हैं।

# देश में त्योहारों के दौरान भर्ती 17 प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश में अगस्त-अक्टूबर के दौरान भर्तियों में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उपभोक्ता भावना में सुधार, आकर्षक त्योहारी पेशकशों और भौगोलिक विस्तार के दम पर यह वृद्धि दर्ज की गई।

कार्यबल समाधान प्रदाता एडेको इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की समान अवधि की तुलना में इस वर्ष 'गिग' (अल्पकालिक) और अस्थायी नौकरियों में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।



आंतरिक आंकड़ों एवं बाहरी रिपोर्ट के विश्लेषण पर आधारित इस रिपोर्ट में कहा गया कि दशहरा से पहले और उसके बाद के हफ्तों में खुदरा, ई-कॉमर्स, बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा), लॉजिस्टिक्स तथा आतिथ्य क्षेत्रों में अस्थायी कर्मचारियों की मांग में तेज उछाल देखने को मिला। एडेको ने 2025 में 2.16 लाख 'गिग' और अस्थायी नौकरियों का अनुमान लगाया था लेकिन सिर्फ तीन महीनों में ही इस क्षेत्र में अस्थायी भर्ती में 37 प्रतिशत और 'गिग वर्कर' की तैनाती में 15-20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो मौसमी मांग की मजबूती को दर्शाता है।'गिग वर्कर' से तात्पर्य काम के आधार पर भुगतान पाने वाले अल्पकालिक कर्मचारियों से है।एडेको इंडिया के निदेशक एवं प्रमुख (जनरल स्टाफिंग) दीपेश गुप्ता ने कहा।

**न्यायालय तहसीलदार सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

रा0प्र0क्र0/44/अ-19/2025-26
ग्राम-सरगांव, प0ह0नं0 12

**॥ दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से ईश्तहार ॥**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत सरगांव द्वारा पत्र क्र./676/न.पं./2025-26, सरगांव दिनांक 06.10.2025 के माध्यम से लेख किया गया है कि संचालक, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास छ.ग. द्वारा नगर पंचायत सरगांव को सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु (लागत राशि 149.41 लाख) स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राप्त स्वीकृति के आधार पर उक्त कार्य का निविदा प्रक्रिया की कार्यवाही की गई है। निविदा के उपरांत उक्त कार्य का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना है। जिस हेतु परिषद की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 15.05.2025 के संकल्प क्रमांक. 11 में प.ह.नं. 12, रा.नि.मं. सरगांव, तह. सरगांव जिला मुंगेली के ख.नं. 2002/1, रकबा 20.1430 हे. में से 0.70 एकड़ भूमि का चयन किया जाकर भूमि के अग्रिम आधिपत्य / आबंटन की मांग की गई है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 13/11/2025 को नियत है। अत: उक्त संबंध में जिस भी व्यक्ति को दावा आपत्ति पेश करना हो वह इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रात: 11 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

आज दिनांक 22/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सरगांव, तहसील- सरगांव**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक /897/ न.पा.प./ लो.नि.वि. / ई-टेण्डर /2025-26 कवर्धा, दिनांक 11/11/2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| **SYSTEM TENDER NO. 179219 / NIT NO. 892** Desing Construuctin,, Testig, Commissioing of All The Components of Interception and Diversion Based Sewge Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Palika Kawardha under SBM 2.0 | 493.8 Lakh | 03-12-2025 |

2- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाईट **http://u.cgeprocurement.gov.in** से डाउनलोड़ की जा सकती है

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद कवर्धा**

## परीक्षा केंद्र के एंट्री-एग्जिट गेट, गलियारे, कक्षा और लैब में सीसीटीवी अनिवार्य

# जिन स्कूलों में सीसीटीवी नहीं, वे 10वीं-12वीं में परीक्षा केंद्र के लिए अपात्र

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सीबीएसई 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी 2026 से शुरू होने वाली हैं। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार देश-विदेश के करीब 45 लाख से अधिक छात्र सीबीएसई एग्जाम में शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षा में ट्रांसपेरेंस और एहतियात के तौर पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए लाइव ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों के लिए सीसीटीवी पॉलिसी तैयार की है, जो देश के सभी राज्यों के परीक्षा केंद्रों पर लागू होगी। हर एग्जाम सेंटर पर सीसीटीवी लगाना अनिवार्य होगा। सीसीटीवी पॉलिसी में साफ कहा गया है कि जिन स्कूलों में सीसीटीवी नहीं लगे होंगे, उन्हें एग्जाम सेंटर नहीं बनाया जाएगा। सीसीटीवी के लिए स्कूलों की सहमति भी जरूरी होगी।

सीबीएसई के नियमों के अनुसार, स्कूलों को अपने एग्जाम हॉल के एंट्री-एग्जिट गेट, गलियारे, क्लासरूम्स, लैब्स में सीसीटीवी कैमरे लगाने अनिवार्य हैं। इसके अलावा जिस डेस्क पर बैठकर स्टूडेंट्स एग्जाम देंगे वहां भी सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल करना होगा, ताकि एग्जाम देते समय स्टूडेट्स की लाइव ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग हो सके। पूरी परीक्षा के दौरान एग्जाम की लाइव कवरेज होगी। ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी स्टूडेंट की सीसीटीवी फुटेज निकालकर समीक्षा हो सके।

### परीक्षा के दौरान होगा केंद्रों का लाइव कवरेज, ऑडियो भी होंगे रिकॉर्ड

सीबीएसई ने यह भी कहा है कि स्कूलों को बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले स्टूडेंट्स को सीसीटीवी कैमरों के बारे में बताना होगा। ग्राफिक्स, टेक्स्ट या संकेतों के जरिए, स्टूडेंट्स की हैंडबुक, नोटिस बोर्ड और ओरिएंटेशन के माध्यम से सीसीटीवी इंस्टॉलेशन की जानकारी देनी होगी। सभी स्टूडेंट्स को पता होना चाहिए कि वे सीसीटीवी की निगरानी में हैं।छात्रों को पारदर्शिता के साथ परीक्षा दिलाने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए टिप्स स्कूलों द्वारा दिए जाएंगे।

### रिकॉर्ड समय में जारी हुई डेटशीट

सीबीएसई ने इस बार परीक्षा शुरू होने से 110 दिन पहले रिकॉर्ड समय में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी की है। सीबीएसई 10वीं परीक्षा 2026, 17 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक और सीबीएसई 12वीं परीक्षा 2026, 17 फरवरी से 9 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षाएं विषयों के अनुसार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे और दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। स्टूडेंट्स सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डेटशीट चेक और डाउनलोड कर सकते हैं।

## 'रजत जयंती समारोह' सामाजिक एकजुटता में है बड़ी ताकत

रायपुर। लोधी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा कुम्हारी टोल प्लाजा के पास स्थित लोधेश्वरधाम में मंगलवार रजत जयंती समारोह हुआ। साथ ही दिवाली मिलन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, स्मारिका विमोचन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी हुआ। इस कार्यक्रम देश के विभिन्न प्रांतों से बिरादरी के लोग शामिल हुए। समाज के सभी लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया है कि समाज की यह एकजुटता ही हमारी पहचान है और हम अवंति बाई लोधी के वशंज हैं, उनके बताए मार्ग पर चलते हुए सेवा व संस्कार के ऐसे आयोजनों के माध्यम से आगे बढ़ेंगे। युवक-युवतियों ने मंच पर परिचय सम्मेलन के माध्यम से अपनी जानकारी दी। इसी दौरान खारुन नदी के तट पर तेजी से निर्मित हो रहे सामाजिक भवन लोधेश्वर धाम को लेकर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, विधायक विपिन वर्मा ने कहा कि मध्यभारत का पहला दर्शनीय धाम होगा, लोधेश्वरधाम जिस भव्यता के साथ यह बन रहा है, यादगार पहचान स्थापित करेगा और इसके निर्माण में कोई कमी नहीं आएगी।


## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

### ऑन लाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना

जी. 252603865 दिनांक 30.09.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला-जांजगीर-चांपा अंतर्गत विकासखण्ड बम्हनीडीह के नगर सारागांव की आवर्धन जलप्रदाय योजनान्तर्गत डी.आई. क्लास के 7 कुल 3500 मीटर विस्तार कार्य की निविदा प्रतिशत दर फार्म "अ" में निम्नानुसार आमत्रित की गयी थी:-

| सिस्टम नं. | कार्य की अनुमानित लागत (रु.लाख में) |
|---|---|
| 176806 | 82.48 |

उपरोक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जी. 252604660/3 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar - 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

### E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:
**NIT No: 76/ML/SEE/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur Date: 10.11.2025**
**Name of Work: "Construction and development of Migrant Labour Camp in sector 23, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)" (1st Call)**
**Estimated cost: INR 40.28 Crs., EMD: INR 40.30 Lakhs, Period of Completion: 18 Months**
**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 02.12.2025**
The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.
**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

Chief Engineer
S.- 45859 NRANVP


# ट्रेनों के कोच अटेंडेंट और सफाई कर्मियों का पुलिस वेरिफिकेशन अब जरूरी, बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को दिया आदेश

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



ट्रेनों में संविदा पर कोच अटेंडेंट, बेड रोल वितरक और सफाई का काम करने वाले ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) कर्मियों को अब पुलिस वेरिफिकेशन के बगैर काम करने की अनुमति नहीं मिलेगी। यात्रियों को सफर के दौरान सुविधाओं के साथ सुरक्षा प्रदान करने के लिए इसे अनिवार्य कर दिया है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक इन्वायरमेंट एंड हाउसकीपिंग मैनेजमेंट सतीश सिंह ने सभी जोनल रेलवे को इससे जुड़ा आदेश जारी कर दिया है। हाल में एक ट्रेन में हुई घटना को देखते हुए यह सुनिश्चित करना और भी जरूरी हो गया है कि सभी आन-बोर्ड संविदा कर्मचारियों का व्यापक पुलिस सत्यापन पूरा हो और उसे तुरंत सीएमएम पोर्टल पर अपडेट किया जाए। यात्रियों को निरंतर आन-बोर्ड सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय रेल, सेवाओं के सुरक्षित और प्रभावी वितरण के लिए पेशेवर एजेंसियों की सेवाएं लेता है। इसी उद्देश्य से एसी कोच अटेंडेंट, ओबीएचएस कर्मचारी जैसे संविदा कर्मचारी ट्रेनों में यात्रा करते हैं। यात्रियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए ऐसे संविदा कर्मचारियों की उचित पृष्ठभूमि की जांच और पुलिस सत्यापन अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन सुनिश्चित करने और उनकी कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सीएमएम पोर्टल पर उनका डाटा अपलोड करने के निर्देश समय-समय पर जारी किए गए हैं। रेलवे ने क्षेत्रीय रेलवे को स्थिति की जांच करने, लंबित मामलों की पहचान करने और सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन प्रक्रिया में तेजी लाने का भी निर्देश दिया है।

## नल के पानी को आरओ वाटर बताकर बेचने वाली फर्म सील

रायपुर। निगम अमले ने शंकरनगर वार्ड स्थित गोरखा कालोनी में स्टार ट्रेडिंग कंपनी को सील कर दिया। इसका प्रोप्राइटर यश शर्मा ने बिना सक्षम स्वीकृति के आरओ वाटर पैकेजिंग, केमिकल मैनिफैक्चरिंग और पैकेजिंग करता था। शिकायत मिलने पर जोन 3 अमले ने स्थल का औचक निरीक्षण किया। जन शिकायत सही मिलने पर तत्काल स्टार ट्रेडिंग कंपनी पर कार्रवाई करते हुए उसे सीलबंद कर दिया।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि नल के पानी को छोटी-छोटी बोतल में पैक कर आरओर वाटर के नाम से बेचा करता था, लोगों ने इसकी शिकायत जोन दफ्तर में की। वस्तु स्थिति की पड़ताल करने पर पता चला कि लोगों की शिकायत सही है। इस पर एक्शन लेते हुए निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के निर्देश पर सीलबंदी की गई।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़

कलेक्टर परिसर (भूतल) Email: miningofficebilaspur@gmail.com

क्रमांक 1860/ खनिज /ई-नीलामी (रिवर्स आक्शन) / 2025-26 बिलासपुर, दिनांक 07/11/2025

### रेत खदानों के आबंटन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 अंतर्गत इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से साधारण रेत उत्खननपट्टा खदान 1. उदईबंद -2, तहसील पचपेड़ी 2. उदईबंद 3 तहसील पचपेड़ी में उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छूक बोलीदार इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) में भाग ले सकते है।

गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन पट्टा आबंटन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना (एन.आई.टी) का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | Event No. | खदान का नाम | ग्राम/ ग्राम पंचायत | तहसील | खसरा नं. | रकबा (हे. मे) | प्रकाशन तिथि | बोली लगाने की आरंभिक तिथि | बोली लगाने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MSTC/RPR/Chhattisgarh/ Bilaspur Tender/ 5/25-26/42330-Udaiband-2 | उदईबंद - 2 | उदईबंद/ अमलडीहा | पचपेड़ी | 156 | 11.00 | 07.11.2025 | 28.11.2025 (10.00 am) | 04.12.2025 (5.30 pm) |
| 2 | MSTC/RPR/Chhattisgarh/ Bilaspur Tender/6/25-26/42331-Udaiband-3 | उदईबंद - 3 | उदईबंद/ अमलडीहा | पचपेड़ी | 156 | 13.00 | 07.11.2025 | 28.11.2025 (10.00 am) | 04.12.2025 (5.30 pm) |

इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली ऑनलाईन MSTC पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/ auction-home/mmb/ sandcg/ index.jsp के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी MSTC पोर्टल, खनिज साधन विभाग की वेबसाइट https://chhattisgarhmines.gov.in, जिला कार्यालय बिलासपुर की वेबसाइट https://bilaspur.gov.in तथा जिला कार्यालय बिलासपुर (खनिज शाखा) / संबंधित ग्राम पंचायत / जनपद पंचायत/ जिला पंचायत के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया गया है।

जी. 252604642/2 कलेक्टर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)


## 10% आरटीई छात्र प्रतिवर्ष छोड़ रहे पढ़ाई, निजी स्कूल नहीं दे सकेंगे टीसी

**रायपुर।** शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश प्राप्त करने वाले पहली से आठवीं कक्षा तक के 10 प्रतिशत छात्र प्रतिवर्ष स्कूल छोड़ रहे हैं। लोक शिक्षण संचालनालय के पोर्टल में अपडेट किए गए आंकड़ों के आधार पर ये जानकारी सामने आई है। ड्राप आउट छात्रों की संख्या कम करने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा नवीन आदेश जारी किया गया है। इसके मुताबिक, अब निजी स्कूल इन छात्रों को स्थानांतरण प्रमाण पत्र अर्थात टीसी प्रदान नहीं कर सकेंगे। छात्रों की पढ़ाई पूर्ण होने की स्थिति में उन्हें टीसी दिया जा सकेगा, लेकिन शिक्षा पूर्ण किए बगैर यदि कोई छात्र अथवा उसके अभिभावक स्थानांतरण प्रमाण पत्र मांगते हैं, तो निजी स्कूलों को नोडल प्राचार्य को इसकी जानकारी देनी होगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी कर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इस संदर्भ में निर्देशित किया है। जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ नोडल प्राचार्यों को भी खत प्रेषित किया गया है। निजी स्कूलों द्वारा गरीब छात्रों संग किए जा रहे दुर्व्यवहार को रोकने यह नवीन व्यवस्था की जा रही है।

## राष्ट्रीय मुक्तिबोध नाट्य समारोह का आगाज

रायपुर। राजधानी के गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर में दो महिला निर्देशकों के नाटक के साथ पांच दिवसीय 12 से 16 नवंबर तक राष्ट्रीय मुक्तिबोध नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देशभर के जाने माने साहित्यकार, रंगकर्मी अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरेंगे। इस उत्सव में कहानी और नाटकों का मंचन होगा। साथ ही कविता पाठ भी किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि पहले दिन बुधवार को शाम 7 बजे उषा प्रियंवदा की कहानी वापसी का मंचन होगा। इस कहानी की मंचीय प्रस्तुति रचना मिश्रा के निर्देशन में होगी।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.) जोन क्र. 02

क्रमांक 481/न.पा.नि / जोन क्र.02/2025 रायपुर, दिनांक 11/11/2025

### रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 02 अंतर्गत रूचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.) के माध्यम से पंजीकृत हाईड्रोलॉजिस्ट द्वारा ऑनलाईन भवन अनुज्ञा के समय भवन स्वामी द्वारा जमा करायी गई सुरक्षा राशि से दिनांक 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2022 तक के भवनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जाने हेतु इच्छुक हाईड्रोलॉजिस्ट से बंद लिफाफे में दरे दिनांक 18.11.2025 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्य हेतु निर्धारित आवेदन पत्र राशि रू. 5000/- का डी. डी. जोन आयुक्त, जोन क्र. 02 नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से जमा कर दिनांक 17.11.2025 तक प्राप्त कर सकते है। आवेदनकर्ता को अपने आवेदन के साथ पंजीकृत हाईड्रोलॉजिस्ट का जीवित पंजीयन, पैन कार्ड, जी. एस.टी. संलग्न करना होगा। दरे सभी करो को सम्मिलित कर होगी तथा कटौतियां भी शासन के नियमों के अंतर्गत की जावेगी।

आवेदनकर्ता को अपनी दरो के साथ उपरोक्त एफ.डी.आर. जो कि जोन आयुक्त, जोन क्रमांक- 02, नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से प्रस्तुत करना होगा। इस कार्य हेतु अन्य जानकारियों, नियम व शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यपालन अभियंता जोन क्रमांक- 02, नगर पालिक निगम, रायपुर से प्राप्त की जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन क्र. 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

## कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)

जिला पंचायत परिसर के पीछे रायगढ़

### संक्षिप्त निविदा सूचना

क्रमांक / 6375/शिक्षा / 2025-26 रायगढ़ दिनांक 10 नवंबर 2025

जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ छत्तीसगढ़ का कार्यालय योग्य एवं अनुभवी विक्रेताओं से वित्त प्रयोगशालाओं (Fianance Labs) के डिजाईन, आपूर्ति, स्थापना और सहयोग के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है। उक्त वित्त प्रयोगशालाओं हेतु अनुमानित लागत कुल 16.00 लाख रुपये है। निचे दर्शित तिथि तक पंजीकृत डाक से कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जाना चाहिए। समयावधि में प्राप्त नहीं होने वाले निविदा को निविदा प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। विस्तृत जानकारी रायगढ़ के जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में देखा जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा जारी करने की तिथि | :- | 10.11.2025 |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :- | 01.12.2025 |
| मुल्यांकन एवं शार्टलिस्टिंग की तिथि | :- | 02.12.2025 |
| प्रस्तुतीकरण तिथि | :- | 05.12.2025 |

जिला शिक्षा अधिकारी
जी. 252604662/1 रायगढ़ (छ.ग.) पिन 496001

**Directorate of Public Relations**
Government of Chhattisgarh
Indravati Bhawan, Capitol Complex,
Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh
Web:- https://jansampark.cg.gov.in/Email:- cgdpreproc@gmail.com
Phone no-0771-2221614

### NOTICE INVITING ONLINE REQUEST FOR THE SELECTION OF A PR COMMUNICATION AGENCY

**NIT no. :5684/DPR/2025 Nava Raipur Atal Nagar, Dated-11/11/2025**

Directorate of Public Relationsinvites online tender from reputed PR Communication Agency for selection for a period of 2 years, which can be extended as for need and mutual agreement. The registered firm having proven track record of expertise in above field may submit their online proposal. Tender document can be downloaded from GeM website, with cost of tender document of Rs. 5,900/- (non-refundable). Modifications/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised in the newspapers but shall be published in the GeM website only. The Commissioner, Directorate of Public Relationsreserves the right to relax, change the terms and conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.

| | |
|---|---|
| (1) Date of Pre-Bid meeting: | 18/11/2025 from 3:00 PM (Last date for submission of Pre bid queries via Email to:- cgdpreproc@gmail.com17/11/2025 till 6:00 PM) |
| (2) Last date of online submission of tender documents: | 10/12/2025 before 03:00 pm |
| (3) Date of Opening of Technical Bids: | 10/12/2025 from 04:00 pm |
| (4) Date of Technical Presentations | Shall be Communicated to the Pre-qualified bidders |
| (5) Date of Opening of Financial Bids: | Shall be Communicated to the Technically qualified bidders |

Commissioner
Directorate of Public Relations
G 252604663/2 Nava Raipur Atal Nagar

## कार्यालय वनमंडलाधिकारी मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड (छ.ग.)

E-Mail-dfomarwahi@yahoo.com

### नीलाम-सूचना

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड के मड़ना डिपों एवं अन्य डिपों में निम्न विवरण अनुसार वनोपज ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा मड़ना काष्ठागार से प्राप्त कर सकते हैं।

डिपों का नाम :- मड़ना काष्ठागार
नीलाम दिनांक :- 20.11.2025
नीलामी प्रारंभ :- प्रात: 09.00 बजे से वनोपज की अनुमानित मात्रा

| डिपो का नाम | प्रजाति | लट्ठा (घ.मी.) | | बल्ली नग | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पुराना | नया | पुराना | नया |
| मड़ना डिपो | सागौन | 50.457 | - | 681 | - |
| | साल | 261.687 | 59.025 | 359 | 286 |
| | साजा | 42.703 | 10.381 | 227 | - |
| | बीजा | 18.244 | 1.104 | 46 | - |
| | तिन्सा | 1.459 | - | - | - |
| | हल्दू/मु./ख | 8.105 | - | - | - |
| | धावडा | 2.802 | - | - | - |
| | सेमल | - | 0.282 | - | - |
| | अन्य | 51.170 | 13.123 | 603 | 55 |
| | नीलगिरी | 2.414 | 9.751 | 104 | 161 |
| | R.T.L. साल-साजा | 394.792 | - | - | - |
| | R.T.L. अन्य | 168.249 | - | - | - |
| | योग:- | 1002.082 | 93.666 | 2020 | 502 |
| जलाऊ डिपो पेण्ड्रा | सागौन जलाऊ | 02 | - | - | - |
| | सतकठा जलाऊ | 262 | - | - | - |
| | साल जलाऊ | 3 | - | - | - |
| | योग | 267 Chatta | - | - | - |

टीप:- 1. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते हैं।

वनमंडलाधिकारी
जी. 252604656/2 मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## शब्द पहेली - 6045



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

### शब्द पहेली- 6044 का हल



## सूडोकु नवताल - 6055

★★★★☆ कठिन



MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6054 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

# चारों श्रेणियों में अव्वल रहा छत्तीसगढ़, उद्योग संगम में दिखा सुधार और विकास का नया मॉडल

हरिभूमि न्यूज़: रायपुर

छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर देशभर में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी), भारत सरकार द्वारा आयोजित 'उद्योग संगम' में राज्य को बिज़नेस रीफॉर्म एक्शन प्लान (बीआरएपी) की चारों प्रमुख श्रेणियों में 'टॉप अचीवर' घोषित किया गया।

■ उद्योग मंत्री और सचिव ऋतु सेन को केंद्रीय मंत्री ने किया

यह उपलब्धि उस परिवर्तन यात्रा की गवाही है, जो छत्तीसगढ़ ने बीते वर्षों में तय की है। कभी बीआरएपी रैंकिंग में निचले पायदान पर रहने वाला यह राज्य आज गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे औद्योगिक दिग्गजों के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ा है। सुशासन, पारदर्शिता और उद्योग-अनुकूल नीतियों के बल पर छत्तीसगढ़ ने खुद को सुधार और विकास का नया मॉडल बना दिया है। राज्य ने बीआरएपी के तहत अब तक 434 सुधार लागू किए हैं, जो इज ऑफ डूइंग बिज़नेस और इज ऑफ लिविंग को सशक्त बनाने की दिशा में उसके निरंतर प्रयासों को दर्शाते हैं।

## पारदर्शिता और सहजता

इन सुधारों में सबसे बड़ी पहल रही 'जन विश्वास अधिनियम', जिसके तहत छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य बना जिसने छोटे कारोबारी अपराधों को डीक्रिमिनलाइज कर दिया। इस कदम ने सरकार और उद्योग जगत के बीच भरोसे और सहयोग का नया पुल बनाया है। अब कारोबार में अनावश्यक डर या जटिलता की जगह पारदर्शिता और सहजता ने ले ली है। इसी कड़ी में राज्य ने भूमि अभिलेखों के स्वचालित म्यूटेशन की ऐतिहासिक शुरुआत की है। यह कदम छत्तीसगढ़ को देश का पहला राज्य बनाता है, जहां जमीन पंजीयन के साथ ही स्वामित्व का हस्तांतरण स्वतः हो जाता है। इससे न केवल प्रक्रियाएं सरल हुई हैं, बल्कि लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से भी मुक्ति मिली है।

## कई सुधारों को धरातल पर उतारा

राज्य सरकार ने कई और सुधारों को धरातल पर उतारा है, जैसे दुकानों और प्रतिष्ठानों को 24×7 संचालन की अनुमति, फ्लैटेड इंडस्ट्री के लिए एफएआर में वृद्धि, भूमि उपयोगिता बढ़ाने के लिए सेटबैक में कमी, और फैक्ट्री लाइसेंस की वैधता 10 से बढ़ाकर 15 वर्ष करने के साथ ऑटो-रिन्यूअल सुविधा। इन सभी कदमों ने मिलकर राज्य में उद्योगों के लिए एक भरोसेमंद, स्थिर और पारदर्शी वातावरण तैयार किया है।

इन उल्लेखनीय सुधारों के लिए छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और निवेश आयुक्त ऋतु सेन को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सम्मानित किया। यह सम्मान इस बात का प्रतीक है कि छत्तीसगढ़ अब भारत के आर्थिक परिदृश्य में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इन सुधारों का असर निवेश माहौल पर साफ दिख रहा है। बीते दस महीनों में 7.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो यह साबित करते हैं कि निवेशक छत्तीसगढ़ की नीतियों, पारदर्शी प्रशासन और तेज़ निर्णय प्रणाली पर पूरा भरोसा करते हैं।

# शहर में प्रतिदिन 285 एमएलडी शुद्ध पेयजल की है डिमांड

रायपुर। शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाला पानी बंद हो गया है। पिछले 2 दिन से नगरनिगम का जल विभाग शहरवासियों की प्यास बुझाने गंगरेल डेम से पानी खरीद रहा है।

नगर निगम के 70 वार्डों में रहने वाले लोगों की पेयजल मांग के हिसाब से प्रतिदिन इस समय 200 क्यूसेक रॉ वाटर की खपत हो रही है। इसमें रायपुर विकास प्राधिकरण की कौशिल्या विहार सहित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के सरोना, लभांडी सहित अन्य कालोनियों को भी निगम पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। सिंचाई विभाग से पूर्व में हुए अनुबंध के अनुसार गंगरेल डेम में 3.1 टीएमसी रॉ वाटर साल भर की खपत के हिसाब से रायपुर शहर के लिए सुरक्षित रखा गया है।

# वक्फ की प्रापर्टी 5 दिसंबर तक नए उम्मीद पोर्टल में कराएं अपडेट




हरिभूमि न्यूज़: रायपुर

वक्फ की प्रॉपर्टी को लेकर सभी जानकारी नए उम्मीद पोर्टल में अपलोड कराना अनिवार्य है, इसके लिए 5 दिसंबर तक का समय तय किया गया है। ऐसा न करने पर वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जा या विवाद का खतरा बढ़ सकता है और इसके लिए वक्फ अधिनियम के तहत मुतवल्लियों पर सजा और 20 हजार रुपए जुर्माने का भी प्रावधान है। जानकारी को अपडेट करने से संपत्तियां सुरक्षित रहेंगी, जबकि समय पर पंजीकरण न कराने पर उनका दर्जा समाप्त हो सकता है।

**ऐसा न करने पर वक्फ की संपत्तियों पर विवाद बढ़ने की संभावना**

यह निर्देश केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित नए वक्फ प्रबंधन नियमों के तहत दिए गए हैं, जिनका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण, बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। बताया गया है कि वक़्फ़ बोर्ड में अपनी मस्जिद, दरगाह, मदरसा, कब्रिस्तान या जो भी प्रॉपर्टी वक्फ की है, वक्फ बाय यूजर वाली प्रॉपर्टी है, जिसे पहले रजिस्टर नहीं कराया था। पहले वक्फ बोर्ड में रजिस्टर कराया था, जो वामसी पोर्टल में था। अब इसे नए पोर्टल में अपलोड कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

## रजिस्ट्रेशन के लिए यह दास्तावेज जमा करने होंगे

मुतवल्लियों को रजिस्ट्रेशन के दौरान आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य आठ आवश्यक दस्तावेज वक्फ संपत्ति के विवरण के साथ ही अपने अभिलेख भी जमा करने होंगे। मुतवल्लियों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराते समय कौन-कौन से अभिलेख की आवश्यकता होगी, इसकी सूची मंत्रालय की ओर से जारी की गई है। उम्मीद पोर्टल पर वक्फ पंजीकरण के समय मुतवल्लियों को रजिस्ट्रेशन के समय आधार कार्ड, पैन कार्ड जैसे पहचान पत्र लगाने होंगे। इनके साथ ही पता प्रमाण पत्र के लिए बिजली बिल, वोटर कार्ड, आइडी कार्ड भी लगाया जा सकता है।

## देना होगा मुतवल्ली का नियुक्ति प्रमाणपत्र

उन्होंने कहा कि इनके साथ ही वक्फ बोर्ड का आदेश मुतवल्ली के नियुक्ति प्रमाणपत्र के रूप में अपलोड करना होगा। शैक्षिक योग्यता, वर्तमान रोजगार, मोबाइल नंबर, ईमेल आइडी, स्थायी पता, वर्तमान पता आदि कालम भी भरने होंगे। वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन उम्मीद पोर्टल पर पांच दिसंबर तक करना है।

## Home First Finance Company India Limited

homefirst — We'll take you home

CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]

### अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं) एवं सह ऋणधारक (ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आदित्य साहू, अजय साहू | फ्लैट-ख.नं. 290/7 (भाग), प.ह.नं. 45, मौजा सकरी, तहसील सकरी, ज़िला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: उत्तर-39.4 फीट विक्रेता की बचत भूमि, दक्षिण-43.11 फीट विक्रेता की बचत भूमि, पूर्व-25.5 फीट कार्तिक यादव की भूमि, पश्चिम-25 फीट 25 फीट का गलियारा। | 03-09-2025 | 10,21,405 | 06-11-2025 | 6,24,600 | 62,460 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 2 | रिंकी सिंह, पूर्णिमा सिंह | मकान-ख. नं. 290/38 (ख. नंबर 277/3 सहित), मौजा सकरी, प.ह.नं. 36, रा.नि.मं./तह-सकरी, ज़िला बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: उत्तर- दुर्गेशपाल की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- 25 फीट सड़क, पश्चिम- साहू जी की भूमि। | 03-09-2025 | 9,15,028 | 06-11-2025 | 4,89,600 | 48,960 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 3 | रेशमी बर्मन, करम दास | मकान-ख.नं. 248/3, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ -495001 सीमा: पूर्व- विक्रेता की भूमि, पश्चिम- सड़क, उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि। | 03-09-2025 | 9,12,634 | 06-11-2025 | 3,88,800 | 38,880 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 4 | शिवशंकर माथुर, नीतू माथुर | मकान-ख.नं. 41/10, प.ह.नं. 41, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001 सीमा: पूर्व- निस्तारी सड़क, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि। | 03-09-2025 | 11,83,381 | 06-11-2025 | 6,60,000 | 66,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 5 | नरेंद्र यादव, इंदल यादव, चंद्रिका यादव | प्लाट-ख.नं. 126/2, ख. नं. 126/104, मौजा पत्थरखान, प.ह. नं. 16/30, रा.नि.मं., तहसील एवं विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001 सीमा: पूर्व- सड़क, पश्चिम-विक्रेता का प्लॉट, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण- रानी पांडे का प्लॉट। | 03-09-2025 | 9,37,915 | 06-11-2025 | 2,20,000 | 22,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 6 | श्रीकांत सोनी, पूजा सोनी | फ्लैट-ख.नं. 278, प.ह.नं. 53, मौजा निरतु, मौजा निरतु,, रा.नि.मं. पेंड्री विकास खंड, तह. तखतपुर व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व- निस्तारी रास्ता, पश्चिम-विक्रेता का प्लाट, उत्तर-विक्रेता का प्लाट, दक्षिण - विक्रेता का प्लाट। | 03-09-2025 | 10,89,882 | 06-11-2025 | 1,57,500 | 15,750 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 7 | भुवन यादव, शैल यादव, लच्छीराम यादव | फ्लैट-2318/8, 2318/14, मौजा चोरभट्ठीकला, मौजा चोरभट्ठीकला, प.ह.नं. 50, रा.नि.मं. गनियारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व- वीरेंद्र कौशिक का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-09-2025 | 10,96,827 | 06-11-2025 | 1,65,000 | 16,500 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 8 | कमल कुमार यादव, सरिता यादव | मकान-ख.नं. 2318/8 भाग, मौजा चोरभट्ठीकला, मौजा चोरभट्ठीकल, प.ह.नं. 50, रा.नि.मं. गनियारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण-विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व-वीरेंद्र कौशिक की भूमि, पश्चिम-सड़क। | 03-09-2025 | 10,90,001 | 06-11-2025 | 1,65,000 | 16,500 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 9 | पूजा वस्त्रकार, जितेन्द्र कुमार वस्त्रकार | मकान-ख.नं. 278, प.ह.नं. 30, मौजा निरतु, मौजा निरतु, प.ह.नं. 53, रा.नि.मं. पेंड्री विकास खंड, तह. तखतपुर व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व-अन्य प्लाट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-प्रेमलता का प्लाट, दक्षिण -विक्रेता का प्लाट। | 03-09-2025 | 10,52,771 | 06-11-2025 | 1,57,500 | 15,750 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 10 | बाल्मिक द्विवेदी, दुर्गा द्विवेदी | मकान ख.नं.-278, प.ह.नं. 30, मौजा निरतू, मौजा निरतू, प.ह.नं. 53, रा.नि.मं. पेंड्री विकास खंड, तह. तखतपुर और जिला. बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-अन्य की भूमि, उत्तर-प्रेमसिंह का प्लाट, दक्षिण-निस्तारी रास्ता। | 03-09-2025 | 10,73,977 | 06-11-2025 | 1,57,500 | 15,750 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 11 | प्रकाश भोई, किरण भोई | मकान-मौजा-सैदा, मौजा सैदा, ख. नं. 40/37, प.ह.नं. 41, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व-विक्रेता का प्लाट, पश्चिम -निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लाट, दक्षिण -विक्रेता का प्लाट। | 03-09-2025 | 10,33,686 | 06-11-2025 | 5,40,000 | 54,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 12 | रामनाथ अनंत, संगीता अनंत, अवध राम अनंत, राजुला बाई सतनामी | फ्लैट-ख.नं. 126/105, मौजा पत्थरखान, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकास खंड, तह. बिल्हा एवं जिला. बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। सीमा: उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण-सड़क, पूर्व-विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम-सड़क। | 03-09-2025 | 8,59,627 | 06-11-2025 | 2,20,000 | 22,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 13 | ललित कुमार कश्यप, नीमा कश्यप | प्लॉट-68/1 [भाग], मौजा मुंगेली, मौजा मुंगेली, प.ह.नं. 18, तह. व जिला-मुंगेली, मुंगेली, छत्तीसगढ़-495335 सीमा: पूर्व -सरिता का प्लॉट, पश्चिम-विक्रेता का प्लॉट, उत्तर-प्रस्तावित सड़क, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-09-2025 | 6,36,541 | 06-11-2025 | 5,25,000 | 52,500 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 14 | मिनेश चंद्रा, मीना बाई पटेल | प्लॉट-मौजा सैदा, मौजा सैदा ख. नं. 37/62 प.ह.नं. 41 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व -25 फीट निस्तारी रोड, पश्चिम-बुधिया की भूमि, उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण -विक्रेता की भूमि | 03-09-2025 | 6,13,701 | 06-11-2025 | 4,74,600 | 47,460 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 15 | बलवीर कुमार कुर्रे, प्रीति | फ्लैट-126/105, पत्थरखान, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकासखंड, तह. बिल्हा व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा : उत्तर-विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण -सैय्यद सोहेल की भूमि, पूर्व-सड़क, पश्चिम-रामकांत की भूमि। | 03-09-2025 | 8,50,667 | 06-11-2025 | 2,20,000 | 22,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 16 | रणधीरकुमार हिरवानी, सबिता | मकान-2318/8, मौजा चोरभट्ठीकला, मौजा चोरभट्ठीकला, प.ह.नं. 50, रा.नि.मं. गनियारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: उत्तर-सड़क, दक्षिण-कमल कुमार की भूमि, पूर्व-वीरेंद्र कौशिक की भूमि, पश्चिम-सड़क | 03-09-2025 | 10,62,831 | 06-11-2025 | 1,65,000 | 16,500 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 17 | दुर्गा प्रसाद केवट, आरती केवट | मकान-मौजा चोरभट्ठीकला, ख. नं.-2302/4, मौजा चोरभट्ठीकला, प.ह.नं. 50, रा.नि.मं. गनियारी, तह. सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व- श्यामलाल का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लाट, दक्षिण-निस्तारी रास्ता। | 03-09-2025 | 10,59,927 | 06-11-2025 | 1,63,500 | 16,350 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 18 | गीतानंद निषाद, माखन लाल केवट | प्लॉट-मौजा तिलसरा, ख.नं.519/9, मौजा तिलसरा, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. बिल्हा, ब्लॉक व तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व -खिलावन सूर्यवंशी का प्लॉट, पश्चिम -20 फीट का रास्ता, उत्तर -विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-प्रमोद का प्लॉट। | 03-09-2025 | 7,48,386 | 06-11-2025 | 3,82,900 | 38,290 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 19 | रविशंकर कश्यप, दिव्या कश्यप | फ्लैट-मौजा पत्थरखान, ख. नं.-126/59 भाग, मौजा-पत्थरखान प.ह. नं.30, रा.नि.मं.-बिल्हा बिलासपुर, तहसील-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व -निस्तारी रास्ता, पश्चिम-शोमनाथ का प्लॉट, उत्तर-हसीबुल का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-09-2025 | 10,08,322 | 06-11-2025 | 2,18,800 | 21,880 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 20 | दुखुराम निषाद, रुखमणी दुखुराम | प्लॉट-मौजा पत्थरखान, ख. नं. 126/64, प.ह.नं. 16/30, मौजा पत्थरखान, तहसील बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495224 सीमा: पूर्व- सुनील का प्लॉट, पश्चिम- मंशी माशी का प्लॉट, उत्तर-अन्य प्लॉट, दक्षिण - निस्तारी रास्ता। | 03-09-2025 | 9,35,706 | 06-11-2025 | 2,19,800 | 21,980 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 21 | ओमप्रकाश कौशिक, पिंकी कौशिक | प्लॉट-मौजा पत्थरखान, ख.नं. 126/54, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं., तहसील एवं विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: उत्तर-रमाकांत की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व -गणेश और सुनील की भूमि, पश्चिम-सड़क। | 03-09-2025 | 10,10,993 | 06-11-2025 | 2,19,600 | 21,960 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 22 | दीपक कुमार साहू, राहुल कुमार साहू | मकान-ख.नं. 126/65 भाग, मौजा-पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं.-बिल्हा, बिलासपुर, तहसील-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-नाहिद का प्लॉट, उत्तर- जगदीश पांडे का प्लॉट, दक्षिण -विक्रेता का प्लॉट। | 03-09-2025 | 9,11,232 | 06-11-2025 | 2,19,400 | 21,940 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 23 | सुशीला गढ़ेवाल, बृजलाल कविलाश | मकान-मौजा सैदा, मौजा सैदा ख.नं. 37/62, प.ह.नं. 41, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व-विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-09-2025 | 11,57,515 | 06-11-2025 | 6,00,000 | 60,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 24 | भागवत प्रसाद सोनवानी, जलेश्वरी सोनवानी | फ्लैट-मौजा मेंड्रा, मौजा मेंड्रा ख.नं 701/ग, प.ह.नं. 42, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: उत्तर -विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण-जब्बार की भूमि, पूर्व-विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम-सड़क। | 03-09-2025 | 9,95,038 | 06-11-2025 | 5,83,200 | 58,320 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 25 | बलराम साहू, माधुरी साहू | फ्लैट-ख. नं. 195/2, मौजा बन्नाकडीह, प.ह.नं. 42, रा.नि.मं., सिरगिट्टी, तह. बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व-लक्ष्मी प्रसाद पनागर की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, उत्तर-निस्तारी रोड, दक्षिण-रामेश्वरी कुर्रे की भूमि। | 03-09-2025 | 10,13,484 | 06-11-2025 | 4,50,000 | 45,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 26 | जयनारायण सर्वे, किरण देवी सर्वे | प्लाट-ख.नं. 147/4, प.ह.नं. 41, मौजा मेंड्रा, रा.नि.मं. सकरी, मौजा सैदा, तहसील सकरी और जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: उत्तर-राजेश गोयल और कावेरी की भूमि, दक्षिण-विजय सूर्यवंशी की भूमि, पूर्व -विजय सूर्यवंशी और राजेश गोयल की भूमि, पश्चिम-विजय सूर्यवंशी की भूमि। | 03-08-2025 | 11,88,304 | 07-10-2025 | 8,40,000 | 84,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 27 | सूरज तिवारी, सोनम तिवारी | प्लाट-ख.नं. 248/32 भाग, मौजा सैदा, प.ह.नं.. 41, तह. सकरी और जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व-विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-अन्य भूमि, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-08-2025 | 14,44,419 | 07-10-2025 | 7,59,500 | 75,950 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 28 | यश कयारवार, नरेंद्र कयारवार, सुनीता कयारवार | मकान-2318/8, 2318/14, मौजा चोरभट्ठीकला, प.ह.नं. 50, रा.नि.मं. गनियारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व-वीरेंद्र कौशिक का प्लॉट, पश्चिम -निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-08-2025 | 10,80,724 | 07-10-2025 | 2,75,000 | 27,500 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 29 | विकास दास मानिकपुरी, लक्ष्मी कुमारी महंत | ख.नं.-37/62, मौजा सैदा, महल नंबर 7, प.ह.नं. 41, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमा: पूर्व-विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-08-2025 | 9,04,471 | 07-10-2025 | 5,60,000 | 56,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 30 | सुब्रत कर्मकार, आशिमा कर्मकार | ख. नं. 150/1 (भाग) मौजा सैदा म.नं. 06, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. अमसेना, तह. सकरी एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमा: उत्तर-विसाहू राम सूर्यवंशी की भूमि, दक्षिण-तीस फुट का पहुँच मार्ग एवं ईश्वर यादव की भूमि, पूर्व-सरकारी भूमि, पश्चिम-बंशीधर यादव एवं हरीश अग्रवाल की भूमि। | 03-08-2025 | 9,86,885 | 07-10-2025 | 7,70,000 | 77,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 31 | संतोष हिरानी, दीपा हिरानी, कन्हैया लाल हिरानी | ख. नं. 37/122 भाग, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, म.नं. 07, तहसील सकरी जिला बिलासपुर, छ.ग. बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमा: पूर्व-निस्तारी सड़क, पश्चिम-विक्रेता की भूमि, उत्तर-विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि। | 03-08-2025 | 11,02,445 | 07-10-2025 | 10,50,000 | 1,05,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |
| 32 | संतोष राजपूत, उषा राजपूत, रंजीता राजपूत | प्लॉट-मौजा लोखंडी, टुकड़ा खं. नं. 242/5, प.ह.नं. 54/31, मौजा लोखंडी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: उत्तर - चित्ररेखा की भूमि, पश्चिम- 37 फीट 6 इंच का एक सार्वजनिक रास्ता, पूर्व- अर्जुन केवट और विक्रेता की 37 फीट 6 इंच की भूमि, दक्षिण- सड़क। | 04-07-2025 | 19,29,807 | 06-09-2025 | 24,60,000 | 2,46,000 | 13-12-2025 (11am-2pm) | 11-12-2025 (upto 5pm) | 9730775533 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तों हेतु | खाता संख्या: ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर)<br>हेल्प लाईन नंबर: 079-35022160/149/182<br>संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297<br>e-Mail id : ramprasad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com<br>https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117<br>होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड<br>एक्सिस बैंक लि.<br>एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-।** बिक्री वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में नोटिस का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जायेगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदार को ई-नीलामी की तिथि से पहले मांग सूचना में उल्लिखित राशि के साथ-साथ वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

**स्थान: बिलासपुर**
**दिनांक: 12-11-2025**

**द्वारा हस्ताक्षरित: प्राधिकृत अधिकारी**
**होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड**

# रणजी ट्रॉफी : 65 साल में पहली बार जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को हराया, इकबाल और पारस ने जड़े शतक

## जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को 7 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली क्रिकेट को नई शर्मिंदगी से दोचार होना पड़ा जब सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार शतक की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को उसे सात विकेट से शिकस्त देकर उसके खिलाफ रणजी ट्रॉफी में 65 साल में पहली जीत दर्ज की।

दिल्ली क्रिकेट की गिरती साख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम तीन घरेलू मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल कर सकी। टीम कुल सात अंकों के साथ ग्रुप डी में आठ टीमों के बीच छठे स्थान पर है और उसे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई के लिए चमत्कार की जरूरत होगी। सात बार की रणजी चैंपियन दिल्ली की टीम के इस तरह के पतन के कई कारण है, जिसमें संदिग्ध चयन, खराब रणनीतियां, चतुर कप्तानी के अभाव के अलावा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में गुटबाजी और अंदरूनी कलह प्रमुख है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों ने 1960 से अब तक 43 बार एक दूसरे का आमना सामना किया है और इनमें से 37 मैचों में दिल्ली ने जीत दर्ज की है जबकि जम्मू कश्मीर की यह पहली जीत है। जीत के लिए 179 रन का पीछा कर रही जम्मू कश्मीर को मैच के आखिरी दिन 124 रन की जरूरत थी। सलामी बल्लेबाज इकबाल ने 147 गेंद में नाबाद 133 रन बनाकर जम्मू कश्मीर को आसान जीत दिला दी।



### 40 साल के पारस डोगरा ने पहली पारी में लगाया था शतक

जम्मू कश्मीर के कप्तान 40 साल के दिग्गज पारस डोगरा ने भी इस मैच की पहली पारी में शतक लगाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। अपने 22वें प्रथम श्रेणी सत्र में वह रणजी ट्रॉफी में रनों के मामले में मुंबई के दिग्गज वसीम जाफर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गए। डोगरा ने इस सत्र में मुंबई और दिल्ली दोनों के खिलाफ शतक बनाए। दिल्ली के पिछले सत्र में खराब प्रदर्शन के बावजूद एक गुट के दबाव में शरणदीप को मुख्य कोच बनाए रखा गया। कप्तान आयुष बदोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया लेकिन डीपीएल में शीर्ष स्कोरर अर्पित राणा अच्छी तेज गेंदबाजी का डटकर सामना नहीं कर पाए। प्रियांश आर्य जैसे आक्रामक सलामी बल्लेबाज को पहले दो मैचों में बेंच पर बैठाया गया और फिर चौथे नंबर पर खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस हार के बाद डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली के सख्त रुख अपनाने की उम्मीद है।

### हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ हासिल किए 3 अंक

वहीं एक अन्य ग्रुप मैच में हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ ड्रॉ रहे मैच में पहली पारी की बढत के आधार पर तीन अंक हासिल कर लिये। हैदराबाद के पहली पारी के 364 रन के जवाब में राजस्थान ने 269 रन बनाए थे। हैदराबाद ने दूसरी पारी नौ विकेट पर 244 रन पर घोषित करके राजस्थान को 340 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में उसने तीन विकेट पर 207 रन बना लिए थे। राजस्थान को मैच से एक ही अंक मिला। हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 120 रन से हराकर मुंबई 17 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। जम्मू कश्मीर 14 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। पुडुच्चेरी को दस विकेट से हराकर छत्तीसगढ़ चौथे स्थान पर है।

## खबर संक्षेप



### नैशा कुमामोतो मास्टर्स क्वालीफायर में हारी

**कुमामोतो।** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी नैशा कौर भटोये क्वालीफायर में न्यूजीलैंड की शाउना ली से सीधे गेम में हारकर कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं। यह 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वालीफिकेशन राउंड में 32 मिनट में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी से 17-21, 18-21 से हार गई। इस प्रकार प्रतियोगिता के महिला एकल स्पर्धा में भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय बुधवार को इस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

### खिलाड़ियों ने आईएसएल शुरू करने की अपील की

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने प्रशासकों से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र जल्दी से जल्दी शुरू करने की अपील करते हुए कहा कि उनका गुस्सा और हताशा अब व्याकुलता



में बदल गई है। यह अपील ऐसे समय में की गई है जब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पिछले सप्ताह कहा था कि 16 अक्टूबर को आईएसएल के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए अनुरोध (आरएफपी) के बाद उसे कोई बोली नहीं मिली है। इस आरएफपी में लीग के वाणिज्यिक और मीडिया अधिकारों के लिए 15 साल के अनुबंध के लिए बोलियां आमंत्रित की गई थीं। स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ने कहा, 'अभी हम जहां हैं, वहां से देरी करना अच्छा नहीं होगा। कोच, प्रशंसक, स्टाफ के सदस्य और खिलाड़ियों के लिए सब कुछ ठहर गया है। हमने बहुत मेहनत की है। हमने बहुत त्याग किया है और हम अपने सत्र को यूं ही खत्म नहीं होना देना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'पूरा भारतीय फुटबॉल तंत्र अनिश्चितता में डूबा हुआ है। सपने थम गए हैं। भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। हर दिन हम इंतजार करते हैं। हम व्याकुल हैं। हमें तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है।'

### टी20 त्रिकोणीय सीरीज में खेलेंगे शादाब खान



**लाहौर।** अनुभवी ऑलराउंडर शादाब खान को 17 नवंबर से लाहौर और रावलपिंडी में होने वाली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में शामिल किया जा सकता है। इस श्रृंखला में पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीम भी शामिल हैं। कंधे की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे शादाब ने हाल में लाहौर में एक अभ्यास मैच खेला था। इस दौरान चयनकर्ताओं की उन पर कड़ी नजर थी, जिनमें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख आकिब जावेद भी शामिल थे।

## भारत - दक्षिण अफ्रीका के बीच कल से कोलकाता में पहला टेस्ट

# गिल ने लंबे समय तक की नेट प्रैक्टिस जायसवाल और सुदर्शन ने बहाया पसीना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि सीमित ओवरों के प्रारुपों से लाल गेंद वाले क्रिकेट में बदलाव में समय लगता है और इसलिए उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 14 नवंबर शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व अपनी तकनीक को दुरुस्त करने के लिए मंगलवार को नेट्स पर करीब डेढ़ घंटा बिताया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है क्योंकि पिछले महीने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उसने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ कराई थी। गिल ने पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में अर्धशतक और नाबाद शतक लगाया था, लेकिन इसके बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह रन बनाने के लिए जूझते रहे। टेस्ट टीम की कमान संभालने के बाद वह प्रतिबद्ध दिखे और उन्होंने अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए अभ्यास सत्र में कड़ी मेहनत की।



### जायसवाल ने विकेट पर थ्रोडाउन का किया सामना

रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के लिए 67 और 156 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल ने भी लंबे समय तक विकेट पर मोर्केल और थ्रोडाउन का सामना किया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज सहज लय में दिख रहा था तथा आत्मविश्वास के साथ ड्राइव और पुल कर रहा था। नेट पर महत्वपूर्ण समय बिताने वाले एक अन्य बल्लेबाज तमिलनाडु के युवा साई सुदर्शन थे, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की ओर से दो अनधिकृत टेस्ट मैचों में केवल 84 रन बनाए थे। टीम प्रबंधन उन्हें तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में तैयार कर रहा है लेकिन वह अभी तक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं।

### पिच से स्पिनरों को मदद मिलने के आसार

कोलकाता के ईडन गार्डेन्स मैदान में पिछला टेस्ट मुकाबला पिंक बॉल से बांग्लादेश के खिलाफ साल 2019 में खेला गया था। इसके छह साल बाद अब कोलकाता में कोई टेस्ट मैच होने जा रहा है। पिच को लेकर क्यूरेटर सूजान मुखर्जी ने मीडिया से बातचीत में कहा, हम सभी को रैंक टर्नर जैसी पिच बनाने को किसी ने नहीं कहा है। हमने एक स्पोर्टिंग विकेट तैयार किया है। हेड कोच गौतम गंभीर ने जब विकेट देखा तो वह काफी खुश नजर आए थे। इस विकेट पर तीसरे दिन से स्पिनरों को अधिक मदद मिलने के आसार हैं। ईडन कभी भी रैंक टर्नर नहीं रहा है और बैटिंग फ़्रेंडली होने के साथ-साथ इस मैदान में गेंदबाजों को भी काफी मदद मिलती है।

### टॉस के सिक्के पर होंगे गांधी और मंडेला के चेहरे

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट मैच की सीरीज का नाम फ्रीडम ट्रॉफी रखा गया है। ये नाम दोनों देशों के महान नेता महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला के नाम पर रखा गया। अब अहिंसा के पुजारी दोनों नेताओं के चेहरे का चित्र कोलकाता टेस्ट मैच के टॉस के सिक्के पर भी होगा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने टॉस के सिक्के पर जानकारी देते हुए कहा, हमने टॉस के लिए एक स्पेशल सिक्का तैयार क्या है, जिसमें एक तरफ महात्मा गांधी का चेहरा तो दूसरी तरफ नेल्सन मंडेला का चेहरा अंकित किया है। ये इन दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि देने का एक अनूठा तरीका है।

टेनिस

# एटीपी फाइनल्स में सिनर की शानदार शुरुआत



एजेंसी ▶▶| तूरिन

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 7-5, 6-1 से हराकर खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

सिनर को साल के आखिर तक अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखने के लिए दुनिया के चोटी के आठ खिलाड़ियों के बीच चल रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट में जीत दर्ज करनी होगी और इसके साथ ही उम्मीद करनी होगी कि कार्लोस अल्काराज फाइनल में न पहुंचें। सिनर ने पिछले साल तूरिन में एक भी सेट गंवाए बिना खिताब जीता था और 2023 के फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने के बाद से वह इस प्रतियोगिता में नहीं हारे हैं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए एक विशेष टूर्नामेंट और स्थान है।' सिनर और अलेक्जेंडर ज्वेरेव एक-एक जीत के साथ ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में शीर्ष पर हैं। ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को हराया था। प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाले दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाएंगे। इससे पहले टेलर फ्रिट्ज़ ने लोरेंजो मुसेट्टी को 6-3, 6-4 से हराया।

आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप

# विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए ऐश्वर्या ने जीता सिल्वर

एजेंसी ▶▶| काहिरा

ओलंपियन ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। ऐश्वर्या ने 466.9 अंक हासिल किए और चीन के युकुन लियू (467.1) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा का कांस्य पदक फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे (454.8) ने जीता।

फाइनल में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय नीरज कुमार 432.6 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले 24



वर्षीय ऐश्वर्या ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। ऐश्वर्या ने क्वालीफिकेशन में 597 (40 एक्स) का स्कोर बनाकर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की उनके हमवतन नीरज भी 592 अंकों के साथ फाइनल में पहुंच गए।

### मनु और ईशा पदक से चूकीं

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और कई एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में पदक जीतने से चूक गई। पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम कांस्य पदक विजेता मनु का फाइनल में प्रदर्शन अच्छा चल रहा था लेकिन 14वें निशाने में 8.8 का खराब स्कोर करने के कारण वह शीर्ष स्थान से फिसलकर सातवें स्थान पर आ गईं और 139.5 अंक के साथ पदक की दौड़ से बाहर हो गई। हाल ही में चीन के निंगबो में विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने वाली ईशा भी दबाव में धैर्य नहीं दिखा सकी। 20 वर्षीय यह निशानेबाज आठ निशानेबाजों के फाइनल में 10.7 के शानदार प्रदर्शन के बाद 14वें निशाने में 8.4 अंक ही बना पाईं और छठे स्थान पर रहीं।

### चीन ओपन में जीती अनाहत, अभय और सेंथिलकुमार बाहर

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने शंघाई में चीन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की लेकिन उनके हमवतन अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार पुरुष एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की 38वें नंबर की खिलाड़ी दिल्ली की अनाहत ने मिस्र की मेना हामिद को इस पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-3 से हराया। अनाहत अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सना इब्राहिम से भिड़ेंगी। अभय को फ्रांस के दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी बापतिस्ते मसोती ने 11-8, 11-7, 11-4 से हराया। सेंथिलकुमार को अपने से बेहतर रैंकिंग वाले मिस्र के मोहम्मद अबोलघर के खिलाफ 8-11, 12-14, 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर रह सकते हैं अय्यर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे टीम इंडिया के मध्यक्रम के धाकड़ बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को लेकर एक बुरी खबर सामने आई। साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है।

इसके लिए श्रेयस अय्यर उपलब्ध नहीं रहेंगे और वो घर में होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज तक फिट नहीं हो सकेंगे, जिसको लेकर एक बड़ी रिपोर्ट सामने आई है। श्रेयस अय्यर को लेकर रिपोर्ट छपी कि उनको लेकर बीसीसीआई कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि उनको मैच फिट होने के लिए अभी और समय लगेगा। बोर्ड और सेलेक्टर्स उनकी चोट के चलते कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं। इसलिए साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से वो बाहर रह सकते हैं।

वनडे सीरीज का शेड्यूल

| मैच | तारीख | स्थान |
|---|---|---|
| पहला वनडे | 30 नवंबर | रांची |
| दूसरा वनडे | 3 दिसंबर | रायपुर |
| तीसरा वनडे | 6 दिसंबर | विशाखापत्तनम |

## सीओटीएफए मिनी वर्ग में उपलब्धि हासिल करने वाली बनीं विश्व की पहली महिला

# 10 साल की अतीका ने हासिल की ऐतिहासिक पोल पोजीशन

एजेंसी ▶▶| अबू धाबी

भारत की युवा ड्राइवर अतीका मीर फॉर्मूला वन अकादमी की सीओटीएफए यूएई कार्टिंग सीरीज के शुरुआती दौर में ऐतिहासिक पोल पोजीशन हासिल करने के बाद तीसरे स्थान पर रही। दस वर्षीय अतीका पहली भारतीय रेसर हैं, जिन्हें फॉर्मूला वन ने अपने कार्यक्रम के लिए चुना है। चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओटीएफए) की अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहले से ही हिस्सा रही अतीका को पिछले महीने फॉर्मूला वन अकादमी ने दो राउंड की सीओटीएफए यूएई चैंपियनशिप के लिए चुना था। अतीका ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने पोल पोजीशन हासिल की और इस तरह से सीओटीएफए मिनी वर्ग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली विश्व की पहली महिला बनीं। इसके बाद वह पोडियम पर पहुंचने में भी सफल रही।



### मेरे लिए शानदार : अतीका

जम्मू कश्मीर की रहने वाली अतीका ने कहा, 'यह सप्ताहांत मेरे लिए शानदार रहा। मैंने क्वालिफिकेशन में पोल पोजीशन हासिल की। मैं फाइनल में जीतना चाहती थी लेकिन आखिर में तीसरे स्थान पर रही। यहां से मिली सीख से मैं आगे अपने प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करूंगी।' अतीका के पिता और भारत के पहले राष्ट्रीय कार्टिंग चैंपियन आसिफ मीर का मानना है कि पोल पोजीशन और पोडियम हासिल करने के बावजूद यह मिश्रित सफलता वाला सप्ताहांत रहा।

# नागल का वीजा हुआ रिजेक्ट चीनी दूतावास से मांगी मदद



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने चीन के दूतावास से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन प्लेऑफ के लिए चीन जाने के उनके वीजा आवेदन को बिना किसी कारण के अस्वीकार कर दिया गया था।

नागल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपील की, जिसमें उन्होंने भारत में चीनी राजदूत और चीनी दूतावास के प्रवक्ता को टैग किया। नागल ने लिखा, 'भारत में चीन के दूतावास और भारत में चीन के प्रवक्ता। मैं सुमित नागल हूं, भारत का नंबर एक टेनिस खिलाड़ी। मुझे ऑस्ट्रेलियाई ओपन प्लेऑफ में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए जल्द ही चीन जाना है लेकिन मेरा वीजा बिना किसी कारण के अस्वीकार कर दिया गया। आपकी तत्काल मदद के लिए मैं आभारी रहूंगा।' शीर्ष 100 में अपनी जगह गंवाने के बाद नागल ग्रैंडस्लैम जैसी शीर्ष प्रतियोगिताओं में सीधे प्रवेश नहीं कर सकते और वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों या क्वालीफायर पर निर्भर हैं। हरियाणा के झज्जर के 27 वर्षीय नागल वर्तमान में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी हैं।





# अगर सूख जाए धरती का सिर्फ एक चौथाई पानी तो होगा महाविनाश

वॉशिंगटन। पृथ्वी की सतह का लगभग तीन-चौथाई यानी 75% हिस्सा पानी से ढका हुआ है। यही पानी हमारे ग्रह पर जीवन का आधार है। अगर किसी बड़ी वजह के कारण धरती का एक-चौथाई पानी यानी कुल उपलब्ध पानी का एक तिहाई हिस्सा सूख जाए, तो इसके परिणाम मानव जाति, पर्यावरण और हमारे धरती के मौसम के लिए बहुत खतरनाक और विनाशकारी होंगे। यह सिर्फ थोड़ी-बहुत सूखे की समस्या नहीं होगी, बल्कि यह एक विश्व स्तर पर महाविनाश की स्थिति पैदा कर देगी।

## महासागरों और समुद्री जीवन पर तुरंत असर

अगर धरती का इतना बड़ा हिस्सा लगभग एक चौथाई पानी सूख गया, तो इसका सबसे बड़ा और तेज असर महासागरों पर पड़ेगा, क्योंकि पृथ्वी का ज्यादातर पानी वहीं है। महासागरों का जल स्तर बहुत तेजी से गिर जाएगा। इससे दुनिया भर के तटीय इलाकों में रहने वाले लोग तुरंत बेघर हो जाएंगे। समुद्र के किनारे बसे बंदरगाह और सारा समुद्री व्यापार भी रुक जाएगा।

## पानी का ज्यादा खारा होना

पानी की मात्रा कम होने से बचे हुए पानी का नमक बहुत ज्यादा बढ़ जाएगा। समुद्री जीव, जैसे मछलियां, कोरल रीफ और छोटे जीव नमक के इस तेज बदलाव को सहन नहीं कर पाएंगे। इससे समुद्री जीवन का संतुलन पूरी तरह बिगड़ जाएगा और लाखों तरह की प्रजातियां खत्म हो जाएंगी।



## मानव जीवन और भोजन का संकट

साफ पानी और भोजन की कमी से मानव जाति पर सबसे बड़ा खतरा आएगा। पीने और खेती के लिए जो साफ पानी उपलब्ध है, जैसे नदियां और झीलें, वे तेजी से सूख जाएंगे या उनका पानी गंदा हो जाएगा। इससे अरबों लोगों को पीने के पानी का गंभीर संकट झेलना पड़ेगा।

### अकाल पड़ जाएगा

सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं होगा, जिसकी वजह से खेती और अनाज का उत्पादन बंद हो जाएगा। इसके कारण दुनिया भर में भयंकर अकाल पड़ेगा।

## दुनिया का मौसम और तापमान बिगड़ जाएगा

पृथ्वी के तापमान को संतुलित रखने और बारिश के चक्र को चलाने में महासागरों की सबसे बड़ी भूमिका होती है। जब पानी की बड़ी मात्रा वाष्प बनकर हवा में नहीं जाएगी, तो वायुमंडल में गर्मी का अवशोषण कम हो जाएगा। महासागरों की मात्रा कम होने से पृथ्वी का औसत तापमान तेजी से बढ़ेगा, जिससे दुनिया का एक बड़ा हिस्सा इतना गर्म हो जाएगा कि वहां रहना मुश्किल हो जाएगा।

## बारिश का चक्र टूटना

महासागरों से कम वाष्पीकरण होने की वजह से बादल बनने और बारिश होने का चक्र लगभग खत्म हो जाएगा। दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में भयंकर सूखा पड़ जाएगा, जिसके कारण खेती-बाड़ी पूरी तरह से रुक जाएगी।

## प्रवासी संकट

पानी और भोजन की कमी के चलते लोग बड़ी संख्या में सुरक्षित जगहों की तलाश में पलायन करेंगे, जिससे दुनिया भर में सामाजिक और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ जाएगी।

# कुदरत का ये कैसा खेल! पैदा होते ही बूढ़ी हो गई ये नन्ही परी?

फिर 16 की उम्र में एक चमत्कार हुआ। जब जारा की कहानी मीडिया में आई, और डॉक्टरों की नजर उन पर पड़ी, तो उन्होंने कहा कि हम इस बच्ची की फेसलिफ्ट सर्जरी करेंगे। इसके बाद उनके शरीर से 3 किलो एक्स्ट्रा स्किन निकाली गई। जब जारा के चेहरे से पट्टी हटी, तो उनकी मां के आंखों से आंसू बह निकले। क्योंकि, सर्जरी के बाद वह नॉर्मल टीनएजर जैसी दिखने लगी थीं। उनकी मां भी यह सर्जरी करवा चुकी हैं, और अब दोनों नॉर्मल जिंदगी जी रहे हैं।



**लंदन।** क्या आपने कभी सुना है कि कोई बच्चा पैदा होते ही बुढ़ापे का शिकार हो गया? सोशल मीडिया पर एक ऐसी ही चौंकाने वाली कहानी खूब वायरल हो रही है, जिसे पढ़कर हर कोई दंग रह गया है। ये कहानी है ब्रिटेन के यॉर्कशायर की रहने वालीं जारा हार्टशोर्न की, जिन्हें लोग प्यार से नहीं, बल्कि मजाक में 'दादी' कहकर चिढ़ाते थे। जारा उम्र में भले ही छोटी थीं, लेकिन चेहरे पर झुर्रियां थीं और स्किन लटकी हुई थी। जारा का बचपन तानों और मुश्किलों से भरा था। जब वह स्कूल जाती थीं, तो बच्चे देखकर 'दादी आई, नानी आई' कहकर चिढ़ाते थे, और बाहर घूमने निकलती थीं तो लोग उन्हें देखकर घूरते थे। कई बार तो लोग उनकी मां को उनकी 'बड़ी बहन' समझ बैठते थे।

**10 लाख में से एक को होती है यह बीमारी** : दरअसल, जारा एक बेहद दुर्लभ बीमारी लिपोडिस्ट्रॉफी से पीड़ित थीं। यह बीमारी 10 लाख लोगों में से किसी एक को होती है। इसमें इंसान अपनी असल उम्र से कहीं ज्यादा बड़ा दिखने लगता है। जारा की मां ट्रेसी को भी यही बीमारी थी, पर उनमें सिम्प्टम्स कम थे।

**खतरनाक है ये बीमारी**

लिपोडिस्ट्रॉफी बीमारी पीड़ित की सिर्फ शक्ल ही नहीं बिगाड़ती है, बल्कि उसके दिल, लिवर और किडनी तक को खराब कर देती है। जारा जब महज 14 की थीं, तभी उनकी किडनी डैमेज होने लगी थी।

## 8 की उम्र में 60 का लुक!

जन्म के समय डॉक्टरों ने ट्रेसी से कहा था कि बच्ची हेल्दी पैदा हुई है। लेकिन, 4 साल की होते ही जारा की स्किन लटकने लगी। 8 की उम्र में आते-आते वो किसी 60 साल की महिला जैसी दिखने लगी थीं।

तब जारा खुद को आईने में देखकर रोती थीं। उन्हें लगता था कि वह कोई राक्षस हैं। कोई उनसे बात नहीं करता। उन्हें यह भी खयाल आता था कि उनसे कौन शादी करेगा?

# ये है दुनिया का सबसे रहस्यमयी पहाड़! चढ़ाई करना है मना

**मैड्रिड।** दुनिया में कई रहस्यमई जगहें हैं, लेकिन स्पेन का टिंडाया पहाड़ सबसे अनोखा है। ये कोई आम पहाड़ नहीं है। इस पर चढ़ाई करना सख्त मना है। साथ ही इसके पास जाने से भी लोग डरते हैं। अब तक कई यात्रियों ने इस राज को सॉल्व करने की कोशिश की है। ऐसे ही एक ट्रैवलर जोशुआ मैककार्टने ने भी जब स्पेन जाने का फैसला किया तो इस रहस्यमयी पहाड़ के बारे में सुना। वो ना सिर्फ इस पहाड़ के नजदीक गए, बल्कि आसपास के लोगों से बातें कर रहस्य को सुलझाने की भी कोशिश की। उन्होंने इस पहाड़ से जुड़े कई सीक्रेट रिवील किए, जिसे जानकर हर कोई हैरान रह गया। जोशुआ ने इस पहाड़ से जुड़ी जितनी जानकारियां शेयर की, वो सब हैरान करने वाली हैं। ये पहाड़ कोई साधारण चट्टान नहीं, बल्कि प्राचीन सभ्यता का रहस्यमयी कोड है।

## प्राचीन सभ्यता का रहस्यमयी कोड



टिंडाया स्पेन के कैनरी आइलैंड्स में फुएर्तेवेंतुरा द्वीप पर स्थित है। इसकी ऊंचाई सिर्फ 400 मीटर है ,लेकिन इसका आकार अनोखा है। ये ट्रंकेटेड कोन (कटा हुआ शंकु) जैसा नजर आता है। इसके चारों तरफ ज्वालामुखी चट्टानें हैं और रेगिस्तान जैसा इलाका है। लेकिन, असली रहस्य इसके अंदर और ऊपर छिपा है। इसे 1990 में खोजा गया था। पहाड़ की चोटी पर 379 पैरों के निशान उकेरे हुए नजर आए थे। हर निशान 25-30 सेमी लंबा था और किसी के बायें पैर का। ये सब निशान पश्चिम की तरफ जा रहे थे। जब कार्बन डेटिंग से इसकी उम्र पता की गई तो ये निशान 2000 साल पुराने निकले।

लोकल्स टिंडाया को 'पवित्र पहाड़' मानते हैं। उनका मानना है कि यहां जादुई ऊर्जा बहती है। यहां का चुंबकीय क्षेत्र सामान्य से 10 गुना ज्यादा है। यहां कंपास काम नहीं करता। लोगों का कहना है कि रात में यहां से अजीब रोशनी दिखती है। वहीं, कुछ का दावा है कि ये एलियन बेस है। क्योंकि, पैर के निशान आकाश की तरफ इशारा करते हैं।

## सरकार ने क्यों बैन किया?

1995 में ये यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज कैंडिडेट बना था। स्पेन सरकार ने चढ़ाई को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया। सिर्फ वैज्ञानिकों को यहां जाने की परमिशन है वो भी गाइड के साथ। इसका ख़ास कारण है। ऊपर मौजूद पैर चिह्न नष्ट नहीं हो, इसलिए ये फैसला लिया गया।







# इतिहास का सबसे अनोखा युद्ध एक बाल्टी के लिए दो राज्यों में जंग

**रोम।** दुनिया में कई भयानक युद्ध हुए हैं, जो इतिहास में दर्ज हैं। इनमें हजारों-लाखों लोगों की मौत हो गई। ज्यादातर युद्ध की वजह किसी राज्य पर कब्जा कर अपनी सत्ता का विस्तार करना। लेकिन, सैकड़ों साल पहले एक युद्ध हुआ था, जिसकी वजह एक बाल्टी थी। यह अजीबोगरीब जरूर लग रहा होगा, लेकिन सच है। दरअसल, यह घटना 1325 ईस्वी की है, उस समय इटली में धार्मिक तनाव काफी ज्यादा बढ़ गया था। यहां के दो राज्यों बोलोग्ना और मोडेना के बीच अक्सर लड़ाइयां होती रहती थीं। बोलोग्ना को ईसाई धर्मगुरु पोप का समर्थन मिला हुआ था, जबकि मोडेना को रोमन सम्राट का समर्थन प्राप्त था। असल में बोलोग्ना के लोगों का मानना था कि पोप ही ईसाई धर्म के सच्चे गुरु हैं, जबकि मोडेना के लोग मानते थे कि रोमन सम्राट ही असली गुरु हैं।

**सैनिकों ने चुरा ली थी लकड़ी की एक बाल्टी** : बोलोग्ना और मोडेना के बीच 1296 ईस्वी में एक लड़ाई पहले ही हो चुकी थी। इसके बाद दोनों राज्यों के बीच हमेशा तनाव बना रहता था। इतिहासकारों के मुताबिक, रिनाल्डो बोनाकोल्सी के शासनकाल में मोडेना काफी ज्यादा आक्रामक हो गया था और अक्सर बोलोग्ना पर हमले करते रहता था। दोनों राज्यों के बीच का यह तनाव उस वक्त एक बड़ी लड़ाई में तब्दील हो गया, जब 1325 ईस्वी में मोडेना के कुछ सैनिक चुपचाप बोलोग्ना के एक किले में घुस गए और वहां से लकड़ी की एक बाल्टी चुरा ली। कहा जाता है कि वह बाल्टी हीरे-जवाहरातों से भरी हुई थी।

जब कीमती रत्नों से भरी बाल्टी की चोरी की बात बोलोग्ना की सेना को पता चली तो उन्होंने मोडेना से उसे वापस देने को कहा, लेकिन मोडेना ने इससे साफ मना कर दिया। इसके बाद बोलोग्ना ने मोडेना के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी।आपको बता दें कि बोलोग्ना के पास उस समय 32 हजार लोगों की सेना थी, जबकि मोडेना के पास सिर्फ सात हजार सैनिक थे। दोनों राज्यों के बीच सुबह-सुबह शुरू हुई लड़ाई आधी रात तक चली थी, लेकिन सबसे हैरानी की बात ये थी कि कम सैनिकों के बावजूद इस युद्ध में मोडेना की जीत हुई थी। इस युद्ध में दो हजार से भी ज्यादा सैनिक मारे गए थे। बोलोग्ना और मोडेना के बीच हुई यह लड़ाई 'वॉर ऑफ द बकेट' या 'वॉर ऑफ द ऑकेन बकेट' के नाम से मशहूर है। आज भी वह बाल्टी एक म्यूजियम में रखी हुई है, जिसके लिए भीषण युद्ध लड़ा गया था।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com